उज्जैन
रविवार
19
जुलाई, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-256
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▶ इंदौर मेट्रो- खुदाई से हो रहा कंपन जांचेंगे जीएम
7 ▶ टीम इंडिया 22 साल से लॉर्ड्स में नहीं जीती...




## लोकसभा अध्यक्ष ने शिवसेना के छह सांसदों के विलय को दी मान्यता

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र से ठीक पहले शिवसेना (यूबीटी) के लिए बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) के छह बागी सांसदों के महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में विलय को मान्यता दे दी। इस फैसले के साथ ही दल-बदल कानून के तहत इन सांसदों के शिंदे गुट में शामिल होने को औपचारिक वैधता मिल गई है। यह निर्णय ऐसे समय में आया है जब संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होने वाला है। करीब एक महीने पहले इन छह सांसदों ने उद्धव ठाकरे गुट से अलग होकर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना का दामन थाम लिया था।

## अमेरिका से 18 हजार भारतीय डिपोर्ट होंगे, अपील, दलील या वकील करने का मौका नहीं

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने डिपोर्टेशन का बड़ा अभियान छेड़ने की तैयारी कर ली है। अमेरिका में 18 हजार अनडॉक्युमेंटेड (बिना दस्तावेज) भारतीय निशाने पर आ गए हैं। इस बार भी ट्रम्प प्रशासन डिपोर्टेशन के लिए सैन्य विमानों के इस्तेमाल की तैयारी में है, जो उनकी सख्त इमिग्रेशन नीति की सबसे चर्चित तस्वीर बन चुका है। अनडॉक्युमेंटेड भारतीयों को न अपील, न दलील और न ही वकील करने का मौका मिलेगा। ट्रम्प की आईसीई (इमिग्रेशन कस्टम्स एंड एनफोर्समेंट) की टीमें लगातार छापे मार रही हैं। अमेरिका के 4 शहरों- न्यूयॉर्क, टेक्सास, कैलिफोर्निया और न्यूजर्सी-से ग्राउंड रिपोर्ट की। इसमें सामने आया कि डिपोर्टेशन अभियान ने बिना दस्तावेज वाले भारतीयों की जिंदगी पूरी तरह बदल दी है।

## खामेनेई के अंतिम संस्कार में विदेश मंत्री को पत्थर मारे, ईरानी राष्ट्रपति को गालियां दीं

**तेल अवीव।** अमेरिका के साथ युद्धविराम समझौते के बाद ईरान के भीतर राजनीतिक टकराव खुलकर सामने आ गया है। राष्ट्रपति मसूद पजशकियान, विदेश मंत्री अब्बास अराघची और संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ पर अब ईरान के कट्टरपंथी धड़े 'सॉफ्ट कूप' यानी बिना हथियारों के सत्तापलट करने का आरोप लगा रहे हैं। कट्टरपंथियों का कहना है कि इन नेताओं ने अमेरिका से समझौता करके ईरान के सिद्धांतों से समझौता किया है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले सप्ताह तेहरान में सुप्रीम लीडर अली खामेनेई के अंतिम संस्कार के दौरान यह नाराजगी खुलकर दिखाई दी। राष्ट्रपति मसूद पजशकियान जब खामेनेई के ताबूत के साथ चल रहे थे, तब काले कपड़े पहने कुछ लोगों ने राष्ट्रपति के खिलाफ नारे लगाए। वहीं, अंतिम संस्कार स्थल से कुछ दूरी पर विदेश मंत्री अब्बास अराघची पर पत्थर फेंके गए और उन्हें देश बेचने वाला गद्दार कहा गया।

## सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला गाली देना हर बार अश्लीलता नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि किसी व्यक्ति द्वारा अपमानजनक, अभद्र या अशिष्ट भाषा का इस्तेमाल करना मात्र इस आधार पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की अश्लीलता संबंधी धारा के तहत अपराध नहीं माना जा सकता। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि किसी शब्द या अभिव्यक्ति को कानून की दृष्टि में अश्लील तभी माना जाएगा, जब वह कामुक प्रकृति की हो, यौन उत्तेजना पैदा करने वाली हो तथा उसे सुनने या देखने वालों के नैतिक चरित्र को दूषित या भ्रष्ट करने की प्रवृत्ति रखती हो। केवल गाली-गलौज, अशिष्ट या आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग, चाहे वे कितने भी असभ्य या अस्वीकार्य क्यों न हों, स्वतः अश्लीलता की श्रेणी में नहीं आते।

## दिल्ली हाई कोर्ट की बड़ी कार्रवाई जिला जज वीणा रानी निलंबित

**नई दिल्ली।** दिल्ली न्यायपालिका में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक कार्रवाई के तहत दिल्ली हाई कोर्ट ने दक्षिण-पूर्व जिला, साकेत कोर्ट में कार्यरत जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीणा रानी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डी.के. उपाध्याय द्वारा आदेशित सतर्कता (विजिलेंस) जांच के बाद की गई है। हालांकि, फिलहाल हाई कोर्ट ने उन विशिष्ट कारणों का सार्वजनिक रूप से खुलासा नहीं किया है, जिनके आधार पर यह जांच शुरू की गई और निलंबन का निर्णय लिया गया। न्यायालय ने केवल इतना स्पष्ट किया है कि उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित है। सूत्रों के अनुसार, यह निर्णय 10 जुलाई 2026 को दिल्ली हाई कोर्ट की पूर्ण पीठ (फुल कोर्ट) की बैठक में लिया गया था।

### पुलिस ने वांगचुक को जंतर-मंतर से उठाने के लिए थाने में की थी रिहर्सल

# अस्पताल में भी वांगचुक का अनशन जारी

## कल सीजेपी का संसद मार्च, पुलिस बोली- अनुमति नहीं

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती सोनम वांगचुक का अनशन अब भी जारी है। उन्होंने ड्रिप, ओआरएस और दवा लेने से इनकार कर दिया है। वांगचुक 28 जून से नीट पेपर लीक मामले में जवाबदेही तय करने और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग के समर्थन में आमरण अनशन पर हैं।

शनिवार सुबह दिल्ली पुलिस उन्हें जंतर-मंतर से उठाकर सफदरजंग अस्पताल ले गई थी। इसके बाद कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके जंतर-मंतर पर अनशन पर बैठ गए। सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार रात करीब 1:30 बजे दिल्ली पुलिस मुख्यालय से वांगचुक को अस्पताल ले जाने के निर्देश मिले थे। इसके बाद मंदिर मार्ग थाने में अधिकारियों ने रणनीति बनाई और बिना टकराव एक मिनट से कम समय में उन्हें एम्बुलेंस तक पहुंचाने की रिहर्सल की। कार्रवाई के वीडियो सामने न आएं, इसके लिए जैमर लगाने पर भी चर्चा हुई थी।

### सीजेपी बोली- कल संसद मार्च होगा

सीजेपी ने 20 जुलाई को मानसून सत्र के पहले दिन संसद मार्च का ऐलान कर रखा है। सीजेपी फाउंडर दीपके ने कहा कि संसद मार्च हर हाल में होगा। वांगचुक की पत्नी गीतांजलि ने दावा किया कि वांगचुक भी मार्च में आएंगे। हालांकि, पुलिस सूत्रों के अनुसार सीजेपी ने मार्च की अनुमति नहीं मांगी है। अब आवेदन किया तो भी अनुमति की संभावना कम है। सत्र के दौरान नई दिल्ली जिले, खासकर संसद व इंडिया गेट के आसपास बीएनएस की धारा 163 लागू होती है। बिना अनुमति मार्च करने वाले हिरासत में लिए जा सकते हैं।

### वांगचुक को पोटैशियम की कमी, इलाज के लिए मना रहे डॉक्टर

सफदरजंग अस्पताल के मुताबिक, वांगचुक को शनिवार सुबह 7:40 बजे लाया गया था। उनमें डिहाइड्रेशन, पोटैशियम की कमी और अन्य मेटाबॉलिक गड़बड़ियों के संकेत हैं। डॉक्टर उन्हें इलाज के लिए मना रहे हैं। पत्नी गीतांजलि आंगमो ने परिवार की सहमति के बिना इलाज न करने की मांग की है। नई दिल्ली के डीसीपी सचिन शर्मा ने कहा कि ये कदम हाईकोर्ट के निर्देश, वांगचुक की हालत और डॉक्टरों की सलाह पर उठाया है।

सीजेपी प्रवक्ता आशुतोष रांका ने कहा कि वांगचुक के साथ धक्का-मुक्की हुई। प्रदर्शनकारियों के साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने आरोप गलत बताए हैं। इसी बीच, सीजेपी ने धर्मेंद्र प्रधान के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस्तीफे की भी मांग उठा दी।




### सोनम वांगचुक का अस्पताल में दवा लेने से इनकार

दिल्ली के जंतर-मंतर पर 21 दिन से भूख हड़ताल पर बैठे सोनम वांगचुक को शनिवार सुबह पुलिस उठाकर सफदरजंग अस्पताल ले गई। अस्पताल प्रशासन ने बुलेटिन जारी करके बताया कि वांगचुक को डिहाइड्रेशन हुआ है, लेकिन उन्होंने दवा या ड्रिप लगवाने से इनकार कर दिया है। हेल्थ रिपोर्ट में बताया गया कि वांगचुक के शरीर पोटैशियम का लेवल घट गया है। यूरिन कीटोन बढ़कर 3+ हो गया। हालांकि, वांगचुक के डॉक्टर नितिन दीघे ने कहा- अस्पताल में गृह मंत्रालय का अधिकारी मौजूद होने के कारण हमारी टीम को वांगचुक से मिलने नहीं दिया गया। वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे अंग्मो का भी दावा है कि सोनम का पोटैशियम लेवल कम है। इसकी दवा जंतर-मंतर पर भी दी जा सकती थी, अस्पताल में भर्ती करने की जरूरत नहीं थी। डॉक्टरों की टीम का कहना है कि वांगचुक को तुरंत ही अनशन तोड़ देना चाहिए, लेकिन वे और उनका परिवार इसके लिए तैयार नहीं हो रहे हैं।

### अन्ना हजारे की केंद्र को दोटूक सलाह

## वांगचुक की मांगों पर फैसला करो

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

जलवायु कार्यकर्ता और शिक्षा सुधारों के पैरोकार सोनम वांगचुक के अनिश्चितकालीन अनशन को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर सियासी और सामाजिक हलचल तेज हो गई है। अनशन के 21वें दिन सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने केंद्र सरकार से अपील करते हुए कहा कि सरकार को सोनम वांगचुक की सहनशक्ति की परीक्षा नहीं लेनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकार को उनकी मांगों पर बातचीत करनी चाहिए और यदि मांगें स्वीकार नहीं की जा सकतीं तो साफ तौर पर हां या ना कह देना चाहिए। अन्ना हजारे का यह बयान ऐसे समय आया है जब दिल्ली पुलिस ने स्वास्थ्य संबंधी कारणों का हवाला देते हुए वांगचुक को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया है, जबकि उनके समर्थकों ने इसे जबरन हिरासत में लेने जैसा कदम बताया है।

### माननीयों की तिजोरी की 'पारदर्शिता' पर लगा ताला, सरकार बदली और हम-तुम कमरे में बंद हो और चाबी खो जाए के हाल कायम हुए

# कांग्रेस सरकार के संसदीय कार्यमंत्री डॉ. गोविंद सिंह का संकल्प विधानसभा की फाइलों में हुआ दफन

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल**

एक बार फिर से विधानसभा सत्र की शुरूआत हो गई है। विधानसभा के गलियारों में कांग्रेस सरकार के संसदीय कार्य मंत्री डॉ. गोविंद सिंह के ऐसे क्रांतिकारी संकल्प की चर्चा आम है जो विधानसभा की फाइलों में दफन कर दी गई है। दफन इस फाइल ने प्रदेश की शुचिता की राजनीति की दुहाई देने वालों के चेहरे बेनकाब किए हुए हैं।

सियासत में वादों और दावों की उम्र अक्सर बहुत छोटी होती है। जब बात जनता के हक की हो, तो नियम-कानूनों की लंबी-चौड़ी फेहरिस्त सामने होती है। मामला अगर सरकार के पक्ष और विपक्ष से संबंधित हो तो लोकतंत्र के मंदिर में अजीब सा सन्नाटा पसर जाता है। जिस पारदर्शिता के बाहर जमकर दावे किए जाते हैं उसी पारदर्शिता के मुद्दे को सीधे तौर पर यहां ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।



### ये था डॉ. गोविंद सिंह का प्रस्ताव

मध्य प्रदेश में पंद्रह साल बाद 2018 में सत्ता में लौटी कांग्रेस की कमान कमलनाथ के हाथों में थी। उस वक्त के तत्कालीन संसदीय कार्यमंत्री डॉ. गोविंद सिंह ने बड़े ही जोर-शोर से विधानसभा में एक बेहद क्रांतिकारी और सुहावना संकल्प प्रस्तुत किया था। इस संकल्प का लब्बोलुआब यह था कि प्रदेश के सभी विधायकों को हर साल 30 मार्च तक की स्थिति में अपनी और अपने आश्रितों यानी परिवार के सदस्यों की चल-अचल संपत्ति का पूरा कच्चा-चिट्ठा 30 जून से पहले विधानसभा के प्रमुख सचिव को सौंपना होगा। इस पूरी कवायद का असल मकसद राजनीति में सुचिता और पारदर्शिता लाना बताया गया था। योजना यह थी कि इस पूरे ब्यौरे को विधानसभा की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। ऐसा इसलिए ताकि सूबे की भोली-भाली जनता यह लाइव देख सके कि जिन्हें उन्होंने अपना रहनुमा चुनकर भेजा है, वे जनसेवा के साथ-साथ अपनी कितनी 'आर्थिक तरक्की' कर रहे हैं।

### सत्ता बदली, नहीं बदला संपत्ति छुपाने का मोह

कुछ समय के अंतराल में ही तख्तापलट हुआ। कांग्रेस की सरकार गिर गई और चाबी वापस भाजपा की कमर में। सरकारें बदली, मुख्यमंत्री बदले, नीतियां बदली, लेकिन संपत्ति छिपाने का मोह नहीं बदला। विधानसभा में पारित वह ऐतिहासिक संकल्प आज भी कागजों में पूरी तरह से जिंदा है, लेकिन उसे अमलीजामा पहनाने की इच्छाशक्ति सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों के ही खेमों से रहस्यमयी तरीके से गायब हो चुकी है। आज भी वार्षिक ब्यूरों की जानकारी सामने नहीं आ पा रही है।

### जादुई तरीके से बढ़ती है संपत्ति

राजनीतिक जानकारों की मानें तो इस संकल्प के खामोशी से दफन हो जाने के पीछे की असली वजह ही माननीयों का वह डर है, जिसमें हर साल बढ़ने वाली करोड़ों की बेहिसाब संपत्ति पर सवाल उठने का खतरा मंडराता रहता है। चुनाव दर चुनाव विधायकों की संपत्ति में होने वाला भारी इजाफा किसी से छिपा नहीं है। कई ऐसे विधायक हैं जिनकी संपत्ति महज पांच साल के कार्यकाल में दोगुनी से तिगुनी हो जाती है। ऐसे में अगर हर साल संपत्ति का ब्यौरा वेबसाइट पर डाला जाने लगा, तो जनता, विपक्ष और मीडिया के तीखे सवालों का सामना करना पड़ेगा। कि आखिर जनसेवा के वेतन में ऐसी कौन सी जादुई छड़ी है जो रातों-रात संपत्तियां बढ़ा रही है?

### आमजन को एक क्लिक का इंतजार

शायद यही वजह है कि विधानसभा की वेबसाइट एकदम खामोश है और उसकी पारदर्शिता का वेब पेज पूरी तरह कोरा है। पारदर्शिता के नाम पर गढ़े गए इस संकल्प को सहूलियत के हिसाब से भुला दिया है। आम मतदाता आज भी इस इंतजार में है कि उनके जनसेवकों का सच्चा और पारदर्शी हिसाब उनकी आंखों के सामने एक क्लिक पर मिल सकेगा।

### एमपी में कैबिनेट बैठक आज

## यूसीसी समेत नौ विधेयकों पर लगेगी मुहर

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल**

मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में रविवार को भोपाल के ऐतिहासिक जगदीशपुर में विशेष कैबिनेट बैठक होगी। बैठक में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) समेत नौ महत्वपूर्ण विधेयकों को मंजूरी मिलने की संभावना है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 10.54 लाख किसानों के बैंक खातों में 1,460.25 करोड़ रुपये की बीमा दावा राशि सिंगल क्लिक के जरिए अंतरित करेंगे। विशेष बात यह रहेगी कि मुख्यमंत्री मोहन यादव, मंत्रिमंडल के सदस्य और वरिष्ठ अधिकारी मुख्यमंत्री निवास से दो बसों में सवार होकर जगदीशपुर पहुंचेंगे। सुरक्षा और यातायात प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए इस बार सामूहिक यात्रा की व्यवस्था की गई है। कैबिनेट में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक के अलावा निजी विश्वविद्यालय अधिनियम में संशोधन, निजी कोचिंग संस्थानों के नियमन से जुड़ा विधेयक, मध्यप्रदेश अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा विधेयक-2026, मध्यप्रदेश राजमार्ग (संशोधन) विधेयक-2026, मध्यप्रदेश नागरिक सुरक्षा संहिता (संशोधन) विधेयक-2026, मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज (संशोधन) विधेयक-2026, मध्यप्रदेश उपकर (संशोधन) विधेयक-2026 सहित अन्य प्रस्तावों पर विचार किया जाएगा।

## जेलों के आसपास बढ़ता आबादी क्षेत्र सुरक्षा के लिए अलार्मिंग

### उज्जैन में भी प्रतिबंधित क्षेत्र में निर्माण चुनौती

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

प्रदेशभर की जेलों के आसपास तेजी से बढ़ता आबादी क्षेत्र जेलों की सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। जेलों के प्रतिबंधित क्षेत्र के नजदीक लगातार हो रहे निर्माण और विकसित होती कॉलोनियों को लेकर जेल प्रशासन समय-समय पर संबंधित जिला कलेक्टरों को पत्र लिखकर आगाह करता रहा है, लेकिन इसके बावजूद कई स्थानों पर निर्माण गतिविधियों पर प्रभावी रोक नहीं लग सकी है। उज्जैन जिले में भी जेलों के आसपास बढ़ती आबादी और निर्माण गतिविधियां सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से चिंता का विषय बनी हुई हैं।

जेल विभाग द्वारा प्रदेशभर की जेलों का साल में दो बार सुरक्षा ऑडिट किया जाता है। जनवरी और जुलाई में होने वाले इस ऑडिट का उद्देश्य जेलों की सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से परीक्षण करना, कैदियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा सीसीटीवी कैमरे, जैमर, सुरक्षा उपकरणों और अन्य व्यवस्थाओं की स्थिति की समीक्षा करना है। जुलाई माह में किए गए सुरक्षा ऑडिट की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में है। उप जेलों और जिला जेलों से लेकर केंद्रीय जेलों तक की ऑडिट रिपोर्ट जेल मुख्यालय पहुंचने लगी है। सभी जेलों की रिपोर्ट 15 जुलाई तक मुख्यालय पहुंचने की संभावना है।

### प्रतिबंधित क्षेत्र में निर्माण सबसे बड़ी चिंता

जेलों के आसपास आबादी बढ़ने से जेल की सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका रहती है। प्रतिबंधित क्षेत्र में मकान, व्यावसायिक प्रतिष्ठान अथवा कॉलोनियों का निर्माण होने से जेल की चारदीवारी के आसपास अनधिकृत गतिविधियों की निगरानी चुनौतीपूर्ण हो जाती है। जेल प्रशासन द्वारा संबंधित जिला प्रशासन को समय-समय पर पत्र भेजकर प्रतिबंधित क्षेत्र में निर्माण की अनुमति नहीं देने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने का आग्रह किया जाता है। उज्जैन में भी जेल परिसर के आसपास बढ़ती आबादी और निर्माण गतिविधियों को लेकर सुरक्षा मानकों के अनुरूप निगरानी की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

## ग्वालियर में पहाड़ी किनारे 15 फीट ऊंची दीवार गिरी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर**

ग्वालियर में रविवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। चिरवाई नाका पर पहाड़ी किनारे बनी करीब 15 फीट ऊंची दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। दीवार के नीचे ठेला लगाने वाले और वहां खड़े कुछ लोग दब गए।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गई। बचाव दल ने अब तक 1 महिला समेत 3 लोगों को मलबे से बाहर निकाला है। दोनों गंभीर रूप से घायल हैं और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। मौके पर राहत और बचाव कार्य लगातार जारी है। मलबे में अन्य लोगों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस और प्रशासन पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। दीवार के नीचे दबी एक महिला को अभी-अभी रेस्क्यू टीम ने बाहर निकाला है। उसे एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भेजा जा रहा है। महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। महिला से पहले 2 लोगों को और बाहर निकाल लिया गया है।

## तंत्र-मंत्र के नाम पर किसान से 10.21 लाख की ठगी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर**

मंदसौर जिले की अफजलपुर थाना पुलिस ने गड़ा धन निकालने और नोटों की बारिश कराने का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरोह का एक आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने रतलाम जिले के एक किसान से अलग-अलग किस्तों में कुल 10 लाख 21 हजार रुपए ठग लिए थे। यह कार्रवाई एसपी विनोद कुमार मीणा के मार्गदर्शन में की गई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 51 हजार रुपए नकद, घटना में इस्तेमाल की गई दो मोटरसाइकिलें, तांत्रिक के कपड़े, माला और जमीन से निकाली गई अंबे माता की मूर्ति जब्त की है। रतलाम जिले के कालूखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम चिकलाना निवासी गोपाल धाकड़ ने 15 जुलाई 2026 को अफजलपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि अप्रैल 2024 में गांव के पृथ्वीराज ने उनकी मुलाकात रिण्डा निवासी कमलेश से कराई थी।

# अवैध पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 9 की मौत

### 15 घायल, आरएएफ का कैंप पास था, धमाका सुनते ही रेस्क्यू के लिए पहुंचे जवान

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ अहमदाबाद**

अहमदाबाद के वस्त्राल इलाके में शनिवार को अवैध पटाखा फैक्ट्री में धमाके के बाद आग लग गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई इनमें तीन बच्चे हैं। करीब 15 लोग घायल हुए हैं।

हादसा रामोल से गतराड जाने वाले रास्ते पर महमूदपुरा टैलेंट के पास दोपहर करीब 3:30 बजे हुआ। यहां से एक किलोमीटर दूर रैपिड एक्शन फोर्स का कैंप है।



धमाके की आवाज सुनते ही फ्अक्र जवान तुरंत घटनास्थल पहुंचे और लोगों का रेस्क्यू किया। धमाका इतना तेज था कि इसकी आवाज 5 किलोमीटर तक सुनाई दी। धमाके की सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां और एम्बुलेंस मौके पर पहुंच गईं। हादसे के समय फैक्ट्री में करीब 25 लोग काम कर रहे थे। इनमें से कुछ लोगों के बच्चे भी वहां थे। अवैध फैक्ट्री के मालिक मेहुल डोडिया को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। इस हादसे में मेहुल की मां रमीला डोडिया भी घायल हो गई हैं और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

### फैक्ट्री का लाइसेंस रद्द हो चुका था

इलाके के ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर जयपाल सिंह राठौड़ के अनुसार, रामोल-गटराड रोड पर खुले मैदान में मेहुल डोडिया नाम का व्यक्ति पटाखा फैक्ट्री चला रहा था। फैक्ट्री का लाइसेंस पहले ही रद्द हो चुका था, इसके बावजूद वहां पटाखे बनाए जा रहे थे। खुले मैदानों में पत्तों और तिरपाल की बाड़ लगाकर आतिशबाजी बनाई जा रही है। घायलों को एलजी अस्पताल और असरवा सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुःख जताया और मृतकों के परिजन के लिए 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए की मदद का ऐलान किया है। राज्य सरकार मृतकों के परिवार को 4 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए की मदद देगी।

## खबर एक नजर...

### रथ यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने वाले डिजिटल क्रिएटर्स का इस्कॉन ने किया सम्मान

**उज्जैन।** श्री जगन्नाथ महोत्सव 2026 के तहत इस्कॉन मंदिर में सोशल मीडिया के जरिए रथ यात्रा का व्यापक प्रचार-प्रसार करने वाले डिजिटल क्रिएटर्स का सम्मान किया गया। डिजिटल रथ यात्रा एंबेसडर्स सम्मान समारोह में इन क्रिएटर्स को उनके रचनात्मक और निःस्वार्थ योगदान के लिए सराहा गया।

समारोह में संकीर्तन विभाग प्रमुख कृष्ण नाम प्रभुजी, अंतरराष्ट्रीय मूर्तिकार व उज्जैन मूर्ति विभाग प्रमुख अमल भक्त प्रभुजी और संचालक रूपेश्वर दास राजीव आर्य के हाथों शहर के प्रमुख इन्फ्लुएंसर्स को डिजिटल रथ यात्रा एंबेसडर सम्मान से नवाजा गया। सम्मानित होने वालों में शिवम भार्गव, आशुतोष राठौर, श्रवण त्रिपाठी, शुभम मंडलोई, काशिश तिवारी, राहुल बारोड़, अभिषेक मावर, लकी राव और नकुल रायकवार सहित अन्य क्रिएटर्स शामिल रहे।

आयोजकों ने कहा कि आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया सनातन संस्कृति और आध्यात्मिक आयोजनों को लोगों तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। इन क्रिएटर्स के समर्पण से श्री जगन्नाथ महोत्सव की भव्यता लाखों लोगों तक पहुंची और समाज में आध्यात्मिक चेतना का संचार हुआ। अंत में मंदिर समिति ने सभी डिजिटल एंबेसडर्स की सेवा भावना की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार जताया।

### विकृति से बचने के लिए प्रकृति व संस्कृति को सहेजना जरूरी

**उज्जैन।** शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय में इको क्लब के तत्वावधान में बॉटनिकल हैंडमेड ग्रीटिंग कार्ड वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं को प्राकृतिक सामग्री जैसे सूखे फूलों और पत्तियों से आकर्षक कार्ड बनाने का प्रशिक्षण देकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने कहा कि अगर हमें प्रकृति को संवारना और संस्कृति को बचाना है, तो विकृति से बचना होगा। संस्कृति और प्रकृति के माध्यम से ही जीव जगत का कल्याण संभव है। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय भोपाल के बायोडायवर्सिटी कंजर्वेशन विभाग के डॉ. हितेंद्र कुमार राम उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला वनस्पति विज्ञान के वैज्ञानिक सिद्धांतों, हस्तशिल्प कला और पर्यावरण जागरूकता को एक साथ लाने का अनूठा प्रयास है।

डॉ. राम ने बताया कि प्रकृति स्वयं सबसे महान कलाकार है। प्राकृतिक संसाधनों का रचनात्मक व पर्यावरण-अनुकूल उपयोग कर तैयार किए गए बॉटनिकल कार्ड 'रिड्यूस, रीयूज और रीसायकल' की भावना को बढ़ावा देते हैं। इससे पूर्व प्राचार्य डॉ. गुप्ता ने मुख्य अतिथि का पौधा भेंट कर स्वागत किया। कार्यशाला संयोजक डॉ. एकता दूबे ने अतिथि परिचय व कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इको क्लब प्रभारी डॉ. कविता जैन मंगलम ने क्लब के गठन व कार्यशैली की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन छात्रा कुमारी नूपुर ने किया तथा आभार डॉ. एकता दूबे ने माना।

### राष्ट्रीय स्पोर्ट्स शूटिंग कैंप के लिए कैडेट सूर्यपाल चयनित

**उज्जैन।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय माधव महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट अंडर ऑफिसर सूर्यपाल सिंह राठौड़ का राष्ट्रीय स्तर के स्पोर्ट्स शूटिंग कॉम्पिटिशन के लिए मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ टीम में चयन हुआ है। वे इंटर डायरेक्टरेट स्पोर्ट्स शूटिंग चैंपियनशिप (आईडीएसएससी) में अपना प्रदर्शन करेंगे। 10 मप्र बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कुमार ने बताया कि यह एनसीसी का एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर का शिविर है। इसमें भाग लेना कैडेट के लिए बड़ी उपलब्धि है, जिससे आगे की अन्य राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए भी अवसर मिलेंगे। जानकारी देते हुए एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ. मोहन निमोले ने बताया कि कैडेट की कठोर मेहनत, अनुशासन और समर्पण के कारण ही यह गौरवपूर्ण मुकाम हासिल हुआ है। कैडेट की इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर प्राचार्य प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह ने शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। सफलता पर महाविद्यालय परिवार, बटालियन के स्टाफ और साथी एनसीसी कैडेट्स ने हर्ष व्यक्त किया है।

### खुद का रिकॉर्ड बनाने दौड़े पहलवान, उज्जैन से देवास की 45 किमी दूरी 2 घंटे 45 मिनट में की तय

**उज्जैन।** अवंतिका रेसलिंग सेंटर के पहलवान अरहान टाइगर और राजीक ने अपनी क्षमता और स्टैमिना का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नया कीर्तिमान रचा है। दोनों ने अपना ही रिकॉर्ड बनाने के लिए उज्जैन के लाल गेट से देवास की माता की टेकरी तक 45 किलोमीटर की दूरी दौड़कर मात्र 2 घंटे 45 मिनट में पूरी की। यह दौड़ 18 जुलाई को सुबह 5 बजे उज्जैन से शुरू की गई थी। दोनों पहलवानों ने अपनी मंजिल तक का यह सफर लगभग पौने तीन घंटे में तय किया। इस पूरी दौड़ के दौरान सहयोग के लिए उनके साथ गोलू नामक एक साथी भी बाइक पर मौजूद था। यह प्रयास किसी प्रतिस्पर्धा का हिस्सा नहीं था, बल्कि पहलवानों ने अपनी शारीरिक क्षमता को परखने और खुद का नया रिकॉर्ड स्थापित करने के उद्देश्य से यह दौड़ लगाई।

---

**रोज लग रहा जाम, पार्किंग व्यवस्था के अभाव से बढ़ रही समस्या, यातायात प्रबंधन की जरूरत**

# मंगलनाथ रोड पर सांदीपनि आश्रम के सामने सड़क पर बेतरतीब पार्किंग,

## ई-रिक्शा, ऑटो और मैजिक सहित अन्य वाहन बीच सड़क पर खड़े रहने से श्रद्धालुओं व स्थानीय लोगों को यहां से निकलने में हो रही परेशानी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



महाकाल मंदिर के अलावा शहर के अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों पर भी यातायात व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है। इन दिनों मंगलनाथ रोड स्थित सांदीपनि आश्रम के सामने सड़क पर बेतरतीब ढंग से वाहन खड़े किए जाने के कारण रोजाना जाम की स्थिति बन रही है। सड़क किनारे ही नहीं, बल्कि कई बार बीच सड़क पर भी ई-रिक्शा, ऑटो, मैजिक और अन्य वाहन खड़े रहने से आवागमन बाधित हो रहा है।

मंगलनाथ रोड शहर का प्रमुख धार्मिक मार्ग है। इसी मार्ग पर मंगलनाथ मंदिर, सांदीपनि आश्रम, सिद्धवट और अंगारेश्वर महादेव मंदिर जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल स्थित हैं, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ-साथ बाहर से आने वाले दर्शनार्थी भी पहुंचते हैं। ऐसे में सड़क पर अव्यवस्थित पार्किंग और सार्वजनिक परिवहन वाहनों के खड़े रहने से यातायात प्रभावित हो रहा है।

सांदीपनि आश्रम के सामने वाहनों के लिए कोई व्यवस्थित पार्किंग नहीं होने के कारण लोग सड़क पर ही वाहन खड़े कर देते हैं। इसके अलावा ई-रिक्शा, ऑटो और मैजिक भी सवारियों के इंतजार में सड़क घेरकर खड़े रहते हैं। इससे अन्य वाहनों को निकलने के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिलती और कई बार लंबा जाम लग जाता है। सांदीपनि आश्रम के बाहर नियमित यातायात प्रबंधन और पार्किंग व्यवस्था के अभाव के कारण स्थिति लगातार बिगड़ रही है। यदि यहां निर्धारित पार्किंग स्थल विकसित किया जाए और सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहनों पर प्रभावी कार्रवाई की जाए, तो यातायात व्यवस्था में काफी सुधार हो सकता है। मंगलनाथ मार्ग पर पूरे दिन वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। धार्मिक स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को सांदीपनि आश्रम के सामने जाम और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण वाहन निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है। नागरिकों का मानना है कि इस मार्ग पर सुचारु यातायात बनाए रखने के लिए पार्किंग की समुचित व्यवस्था की जानी चाहिए।

---

**अष्टान्हिका महापर्व पर 20 जुलाई से होगा 10 दिवसीय समोशरण मंडल विधान**

# रविवार को निजातपुरा से निकलेगा चल समारोह, छिंदवाड़ा के कलाकार करेंगे समोशरण की रचना

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



जैन धर्म के अष्टान्हिका महापर्व के अवसर पर सीमंधर दिगंबर जैन मंदिर में 20 से 30 जुलाई तक 10 दिवसीय समोशरण महामंडल विधान का आयोजन किया जाएगा। विधान का शुभारंभ रविवार, 20 जुलाई को चक्रवर्ती रजनीश दिव्या जैन के निजातपुरा स्थित निवास से चल समारोह के साथ होगा।

जम्बू जैन धवल ने बताया कि चल समारोह से पूर्व समोशरण की आठ भूमियों पर रजत निर्मित अष्ट प्रातिहार्य, अष्ट मंगल द्रव्य और पंच मंगल कलश की शुद्धि व विधि संपन्न होगी। इसमें इंद्राणियां पंचमेरु और जिनवाणी मस्तक पर लेकर चलेंगी, जिन्हें मंदिर में निर्मित समोशरण में विराजित किया जाएगा। मंदिर पहुंचने पर रमेश, पवन, राजेंद्र, गजेंद्र, दीपू और विरबाला कासलीवाल परिवार जैन ध्वज फहराएंगे। इसके बाद डॉ. दिनेश, इंदु, कैतूल और रूपल शाह वासुपूज्य स्वामी की प्रतिमा स्थापित कर समोशरण का उद्घाटन करेंगे। मुख्य कलश कोमल शशि कासलीवाल तथा चतुष्टय कलश डॉ. अजित जैन, डॉ. राजेश जैन, डॉ. सीके कासलीवाल व अरविन्द जैन परिवार स्थापित करेंगे। इस दौरान गिरनार से मोक्ष पधारे नेमिनाथ स्वामी की पूजा कर निर्वाण लाडू चढ़ाया जाएगा और मोक्ष कल्याणक मनेगा।

राजकुमार रावत व अरविन्द जैन के अनुसार 21 जुलाई से प्रतिदिन सुबह 6:30 बजे से भगवान का अभिषेक, महापर्व और समोशरण की पूजा होगी। मनोज, प्रवीण, डॉ. सौरभ जैन, श्रेयस रावत, आशीष, विवेक सेठी, शीतल पांडे, अनिल पानोत और चेतन राणा चक्रवर्ती व राजा के रूप में संगीतमय पूजन करेंगे। विधान संपन्न कराने छिंदवाड़ा के विवेक जैन, करेली के पं. अनुभव जैन और पिड़ावा के विधानाचार्य पं. शिखर शास्त्री आ रहे हैं। पूजन के बाद विद्वानों के प्रवचन और कांजी स्वामी के सीडी प्रवचन होंगे। शाम को जिनेन्द्र भक्ति व युवाओं-बच्चों के लिए विशेष शिविर लगेगा, जिसमें विशेषज्ञ जैन धर्म के विभिन्न विषयों पर शिक्षण देंगे।

### नजमी मेटरनिटी में निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन

**उज्जैन।** दाऊदी बोहरा समाज के 53वें धर्मगुरु डॉ. सैयदना आलीकदर मुफद्दल सैफुद्दीन साहब (त.उ.श.) की मंशा के अनुरूप कमरी मार्ग स्थित नजमी मेटरनिटी एंड नर्सिंग होम में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हड्डी एवं जोड़ रोग तथा स्त्री एवं प्रसूति रोग से संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सकों ने समाजजनों का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया। शिविर का शुभारंभ शहर के प्रमुख आमिल साहब शेख मोईज भाई जमाली एवं नजमी मेटरनिटी के सचिव शेख इस्माईल भाई बड़वाह वाला ने किया।

### सम्राट हर्षवर्धन सिंह बैस की जयंती पर आज निकलेगी क्षत्रिय गौरव शौर्य यात्रा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

अखंड भारत के चक्रवर्ती सम्राट राजा हर्षवर्धन सिंह बैस की जयंती पर आज 19 जुलाई को शाम 5.30 बजे राजपूत समाज द्वारा क्षत्रिय गौरव शौर्य यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा के बाद सामाजिक न्याय परिसर में राजपूत सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें समाज की वर्तमान राजनीतिक और सामाजिक स्थिति पर चर्चा की जाएगी। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा उज्जैन संभाग के अध्यक्ष और यात्रा के संयोजक महेंद्र सिंह बैस ने बताया कि बैस राजपूत समिति ग्राम मंगरोला, ग्राम पवासा और अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन किया जा रहा है। शौर्य यात्रा आगर रोड स्थित सामाजिक न्याय परिसर से शुरू होगी। यह चामुंडा माता चौराहा, देवास गेट चौराहा, मालीपुरा, दौलतगंज, फव्वारा चौक, नई सड़क, कांग्रेस कार्यालय और क्षीरसागर होते हुए वापस कार्यक्रम स्थल पहुंचेगी।

सम्मेलन में पूर्व विधायक पारस चंद्र जैन, विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष रवि राय, पूर्व विधायक दिलीप सिंह शेखावत, विधायक तेज बहादुर सिंह चौहान, घट्टिया जनपद पंचायत उपाध्यक्ष भगवान सिंह उज्जैनिया और झोन क्रमांक 2 अध्यक्ष विजय सिंह कुशवाह शामिल होंगे। इसके अलावा समाज के वरिष्ठ नरेंद्र सिंह बैस अकेला, राम जन्म सिंह परिहार, अशोक सिंह बटवाल, बलबीर सिंह ठाकुर, राजपाल सिंह राजपूत, श्रवण सिंह बैस, जितेंद्र सिंह बैस, राजेंद्र सिंह बैस और करण सिंह तोमर उपस्थित रहेंगे।

---

## एलआईसी कर्मियों ने बिखेरा सुरों का जादू, मुझे कितना प्यार है तुमसे... गीत पर गूंजी तालियां

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

कालिदास अकादमी के अभिरंग नाट्य गृह में जीवन संगीत संस्था की सुरीली शाम, वरिष्ठ रंगकर्मी नितिन सेठिया को मिला कला सम्मान

उज्जैन। भारतीय जीवन बीमा निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों और विकासवाहिनी की संस्था ह्यजीवन संगीतह्ल ने कालिदास अकादमी के अभिरंग नाट्य गृह में सुरीली शाम सजाई। इस दौरान गायकों ने हिंदी फिल्मों के सदाबहार रोमांटिक गीतों की शानदार प्रस्तुति देकर श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। आयोजन में वरिष्ठ रंगकर्मी नितिन सेठिया को अतिथियों द्वारा 'जीवन संगीत कला सम्मान' से नवाजा गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां वाग्देवी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर किया। संगीत संध्या में भालचंद्र कुलकर्णी और भारती कुलकर्णी ने मुझे कितना प्यार है तुमसे गाकर खूब तालियां बटोरीं। प्रकाश बांगर व पूर्णिमा नाटानी ने युगल गीत तुझ संग प्रीत लगाई सजना की संगीतमय प्रस्तुति दी। कलाकार योगेश यादव ने दिल बेकरार सा है हमको खुमार सा है, प्रशांत सोहले ने तुम दिल की धड़कन में, विजय जोशी ने सिमटी सी शरमाई सी और रवि चौबे ने गुलाबी आंखें जो तेरी देखी गीत गाकर समां बांधा। इसी तरह सुरेन्द्र मालवीय ने मुझे ईश्क है तुझी से, विनोद मातवनकर ने तुम्हारी जुल्फ के साये में, सुनीता राठौर गुंजन ने ये दिल और उनकी तथा संतोष जोशी ने माना जनाब ने पुकारा नहीं गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को आनंदित किया। अतिथियों ने सभी गायकों को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उज्जैन विकास प्राधिकरण के संचालक मंडल सदस्य विजय अग्रवाल, प्रो. हरिमोहन बुधौलिया, डॉ. शिव चौरसिया, फिल्म गीत समीक्षक शैलेष लेले, वरिष्ठ अभिकर्ता बीके खंडेलवाल और बॉलीवुड गायक सुनील बावनिया उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत सुभाष पाठक, अमित मिश्रा, रतन रायकवार, डॉ. हरीशकुमार सिंह, अनिल कुरेल, विजय जोशी, बीडी बैरागी, कमल किशोर पंथी, योगेश यादव, इकबाल हुसैन, पंकज कुरेल और गजानंद जांगड़े ने किया।

इस अवसर पर प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी, फिल्म समीक्षक शशांक दुबे, सुनील जैन, बाबूलाल मूंदड़ा, हेमंत व्यास, राजेन्द्र नागर, यूएस छाबड़ा, प्रसिद्ध वादक जयेंद्र रावल गोलू, गौरी शंकर दुबे, संदीप सृजन और अनूप बोरालिया सहित बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी मौजूद रहे। कार्यक्रम का सुमधुर संचालन मनोज सुराना ने किया तथा आभार संस्था के कोषाध्यक्ष विजय जोशी ने माना

---

**पूरे सावन माह चलेंगी गतिविधियां, स्कूली बच्चों को दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश**

# बच्चों ने लिया एक बच्चा-एक पौधा लगाने का संकल्प, आनंद ग्राम में मनाया हरियाली महोत्सव

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




उज्जैन। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को आनंद ग्राम डेंडिया स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्कूली बच्चों ने पौधरोपण कर हरियाली का संकल्प लिया। अवनीश्री जनकल्याण एवं शिक्षा संस्था और अवन्तिका नारीशक्ति तीर्थ क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'हरियाली महोत्सव-2026' के तहत यहां आनंद सभा और पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

संस्था संस्थापक प्रियंका जोशी ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना और प्रकृति से जुड़ाव बढ़ाना है। हरियाली महोत्सव के तहत पूरे सावन माह में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और राज्य आनंद संस्थान के जिला समन्वयक डॉ. प्रवीण जोशी ने कहा कि एक पौधा आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का आधार है। उन्होंने प्रत्येक बच्चे से एक पौधा लगाने और उसकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि कीर्ति शर्मा ने बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ माता-पिता और शिक्षकों का सम्मान करने की सीख दी। आनंद सभा में शिरीष सुमन शर्मा ने प्रकृति संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और स्वच्छ वातावरण के महत्व पर प्रेरक विचार रखे। बच्चों को बताया गया कि पेड़ हमें शुद्ध वायु, वर्षा और जीवन प्रदान करते हैं, इसलिए अधिक से अधिक पौधे लगाना हमारा कर्तव्य है। इस दौरान बच्चों ने उत्साहपूर्वक पौधरोपण किया।

अभियान को सफल बनाने के लिए विद्यालय परिवार, संस्था पदाधिकारियों और सामाजिक कार्यकताओं ने भी पौधे लगाए। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूनम दुबे, प्रिया व्यास, रक्षा पालीवाल, ज्योति व्यास, स्कूल की प्रधान अध्यापिका सपना नागदेवानी, नलीनी पांडे, यश जोशी, राजेश शर्मा, भरत पोरवाल और रामेश्वर चौहान सहित अन्य स्टाफ सदस्य व शिक्षक उपस्थित थे।

### आंदोलन की रणनीति तैयार

उज्जैन। श्री सिंथेटिक्स कर्मचारी कांग्रेस द्वारा कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर 21 जुलाई को प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके पूर्व संगठन द्वारा लगातार बैठकें आयोजित कर कर्मचारियों को आंदोलन की रूपरेखा से अवगत कराया जा रहा है। बैठक में कर्मचारियों को बताया गया कि 21 जुलाई को आयोजित ज्ञापन कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर अपनी मांगों को मजबूती से शासन के समक्ष रखा जाए। संगठन ने ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर कर्मचारियों से संवाद किया

---

## इंदौर में गूंजा उज्जैन का नासिक ढोल, 5 घंटे लगातार वादन कर पेश की मिसाल

**रथ यात्रा में जय गजानन नारी शक्ति और चैतन्य भैरव झांझ मंडली ने लहराया परचम**

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



उज्जैन। इंदौर के बिचोली मदार्ना में श्री राधा रानी परिवार द्वारा आयोजित महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी की भव्य रथ यात्रा में उज्जैन की 'जय गजानन नारी शक्ति नासिक ढोल पार्टी' और 'चैतन्य भैरव नारी शक्ति झांझ मंडली उज्जैन' ने अपने शानदार संयुक्त प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया। ढोल-नगाड़ों की ऐसी थाप गूंजी कि इंदौर की महिलाएं भी झूम-झूम कर नाचने लगीं। कार्यक्रम प्रभारी चेतन (बाबू) शिवहरे के नेतृत्व में गई 35 सदस्यों की टीम ने सर्वश्रेष्ठ वादन कर पूरे इंदौर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह यात्रा सरकारी स्कूल के सामने से प्रारंभ होकर पुराने गांव स्थित श्रीराम मंदिर पर संपन्न हुई।

इस ढोल पार्टी में शामिल ओजस इंटरनेशनल स्कूल कनीपुरा के बच्चों ने धार्मिक आयोजनों के साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इन बच्चों ने हाल ही में परीक्षा परिणामों में 77 से लेकर 100 प्रतिशत तक अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। बच्चों की इस दोहरी सफलता पर स्कूल की प्रिंसिपल पूजा शर्मा और जितेन शर्मा ने कोच पूजा चौहान सहित पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह गर्व का विषय है कि स्कूल की बच्चियां पढ़ाई के साथ सनातन धर्म के कार्यों में भी अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। दल की कोच पूजा चौहान ने एक अनूठी मिसाल कायम करते हुए 5 घंटे चली इस पूरी रथ यात्रा के दौरान अपनी कमर पर 10 किलो वजनी ढोल बांधकर लगातार वादन किया। उनके इस समर्पण और ऊर्जा की इंदौरवासियों ने जमकर सराहना की। पूजा ने बताया कि बच्चों ने इस प्रदर्शन के लिए एक महीने तक कड़ी मेहनत की थी। यात्रा में शामिल दल के सभी 35 सदस्यों के लिए बड़े लंच बॉक्स की व्यवस्था भी की गई। चेतन शिवहरे और उनके साथियों ने उज्जैन से आए दल का विशेष सम्मान किया। आयोजन में बालिकाओं ने हाथों में भगवान राम की ध्वजा थामकर शानदार प्रदर्शन किया और सनातन धर्म का जयघोष किया। इस पूरी प्रस्तुति में मंदाकिनी, अंजलि, याशिका भंडारी, अक्षरा, दिव्या, एंजल, कुमुद, प्राची, लक्की प्रजापत, यशस्वी पांचाल, बाबू और समीक्षा सहित कई बच्चों ने अपनी कला और उत्साह से यात्रा में चार चांद लगा दिए।

### समाज को नशा मुक्त बनाने का विद्यार्थियों ने लिया संकल्प

उज्जैन। नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान में शनिवार को विद्यार्थियों ने समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया और लघु नाटिका की प्रस्तुति देकर दुष्परिणामों के साथ नशामुक्त जीवन का संदेश दिया। नागदा थाना एसआई योगिता उपाध्याय ने बताया कि प्रदेश पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चलाये जा रहे नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान में नागदा स्थित मदर मेरी हायर सेकेंडरी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ स्कूल के शिक्षकों ने भागीदारी करते हुये नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया, छात्र-छात्राओं लघु नाटिका के माध्यम से नशे से होने वाले दुष्परिणामों का संदेश दिया।

## मृत गौमाता को वैदिक रीति से दी गई समाधि, सम्मानजनक अंतिम संस्कार के लिए कानून बनाने की उठाई मांग

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

श्री सेनापति काल भैरव गौ सेवा संगठन द्वारा गौसेवा के साथ-साथ मृत गौवंश को सम्मानपूर्वक समाधि देने का अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मोहन नगर चौराहे से संगठन को सूचना मिली कि एक मृत गौमाता सड़क किनारे पड़ी हुई है।

सूचना मिलते ही संगठन के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और गौमाता के पार्थिव शरीर को अपने वाहन से चक्रतीर्थ श्मशान घाट ले गए। जहां संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़ेश्वरी अघोरी बाबा योगी विष्णु नाथ जी महाराज के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार, पूजन-अर्चन और धार्मिक विधि-विधान के साथ गौमाता को भू-समाधि दी गई। समाधि से पूर्व गंगाजल से स्नान कराया गया, घी का लेप किया गया तथा फूल-मालाओं से सजाकर श्रद्धापूर्वक अंतिम विदाई दी गई। संगठन के कोषाध्यक्ष आदर्श सिंह तोमर ने बताया कि संगठन लंबे समय से असहाय एवं मृत गौवंश की सेवा और सम्मानजनक समाधि का कार्य कर रहा है। सरकार से लगातार मांग की जा रही है कि मृत गौमाता के सम्मानजनक अंतिम संस्कार एवं समाधि के लिए स्पष्ट कानून बनाया जाए, लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई निर्णय नहीं हुआ है। इसी मांग को लेकर 30 जुलाई को जागरूकता रैली निकाली जाएगी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर पूरे प्रदेश में मृत गौवंश के सम्मानजनक अंतिम संस्कार के लिए कानून लागू करने की मांग की जाएगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़ेश्वरी अघोरी बाबा योगी विष्णु नाथ जी महाराज ने कहा कि संगठन को शहर में जहां कहीं भी मृत या असहाय गौमाता की सूचना मिलती है, वहां कार्यकर्ता तुरंत पहुंचकर

दैनिक ब्रह्मास्त्र

लोकयात्रा भयं लज्जा दाक्षिण्यं त्यागशीलता।
पञ्च यत्र न विद्यन्ते न कुर्यात्तत्र संगतिम्॥

**अर्थः** जिस स्थान पर आजीविका न मिले, लोगों में भय, और लज्जा, उदारता तथा दान देने की प्रवृत्ति न हो, ऐसी पांच जगहों को भी मनुष्य को अपने निवास के लिए नहीं चुनना चाहिए।

## खबर एक नजर...

### सोलर पैनल की फाइल बढ़ाने के लिए मांगी रिश्वत

**इंदौर।** लोकायुक्त पुलिस इंदौर ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्ठ यंत्री नमेश कुमार भोंडेकर को 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। आरोपी सोलर पैनल संबंधी फाइल आगे बढ़ाने के एवज में 80 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा था। लोकायुक्त से मिली जानकारी के अनुसार, परदेशीपुरा निवासी बिल्डर एवं होटल व्यवसायी शिवप्रकाश बसवाल ने 17 जुलाई 2026 को लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि अंबे नगर स्थित जीआर-7 होटल की इमारत पर लगाए जाने वाले सोलर पैनल की फाइल आगे बढ़ाने के लिए कनिष्ठ यंत्री नमेश कुमार भोंडेकर 80 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा है। शिकायत के सत्यापन के दौरान रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई। इसके बाद लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सहाय के निर्देशन में निरीक्षक सचिन पटेरिया के नेतृत्व में ट्रैप टीम गठित की गई। शनिवार को टीम ने सुखलिया जोन स्थित विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय में कार्रवाई की। यहां आरोपी कनिष्ठ यंत्री को शिकायतकर्ता से 40 हजार रुपए की पहली किस्त लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 2018 की धारा-7 के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### पुराने विवाद में पथराव और तोड़फोड़, पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया

**इंदौर।** एरोड्रम थाना क्षेत्र में कुछ लोगों ने एक व्यक्ति के घर पर हमला कर दिया। हमले का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें बदमाश वारदात करते नजर आ रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। फुटेज और फरियादी की शिकायत के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में एसीपी अशोक सिंह जादौन ने बताया कि घटना शुक्रवार रात विजयश्री कॉलोनी, कालानी नगर की है। यहां रहने वाले राहुल राठौर के घर पर पप्पू खटिक ने अपने साथियों के साथ मिलकर पथराव किया था। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें आरोपी फरियादी के घर पर पथराव और तोड़फोड़ करते नजर आ रहे हैं। अचानक हुए हमले से आसपास अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फरियादी के बयान व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया। एसीपी ने बताया कि पथराव और तोड़फोड़ के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। एसीपी ने बताया कि राहुल और पप्पू के बीच पुराना विवाद चल रहा है। पहले भी दोनों पक्षों के खिलाफ मामले दर्ज हो चुके हैं। इसी रंजिश के चलते पप्पू ने राहुल के घर पर हमला किया। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है कि वारदात में किसी हथियार का इस्तेमाल हुआ था या नहीं।

### सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन वर्कशॉप

**इंदौर।** विदेशों की स्वच्छता और व्यवस्थाओं की सराहना करने वाले भारतीय अक्सर अपनी ही सांस्कृतिक विरासत को भूल जाते हैं। भारत की मूल परंपरा कभी कचरा पैदा करने की नहीं रही। वर्ष 1970 तक देश में न डंपिंग साइट थीं और न ही कचरा प्रबंधन के लिए बड़े नियम-कायदे, क्योंकि हमारा समाज पुनः उपयोग (री-यूज) और वस्तु विनिमय (बार्टर सिस्टम) की संस्कृति पर आधारित था। यह बात फीडबैक फाउंडेशन के सीईओ अजय सिन्हा ने शनिवार को इंदौर सिटी बस ऑफिस में आयोजित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन संबंधी विशेष वर्कशॉप में कही। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत आयोजित इस कार्यशाला की अध्यक्षता महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने की। सिन्हा ने कहा कि भारतीय समाज में गोबर तक का उपयोग किया जाता रहा है और कचरे को भी पवित्र तथा अपवित्र की अवधारणा से जोड़कर देखा जाता था। ऐसी समृद्ध परंपराओं को स्कूलों के पाठ्यक्रम और कक्षाओं में शामिल किया जाना चाहिए, ताकि नई पीढ़ी स्वच्छता के सांस्कृतिक मूल्यों को समझ सके। उन्होंने कहा कि केवल होर्डिंग, पोस्टर और पेंटिंग लगाने से व्यवहार परिवर्तन नहीं आता। इसके लिए समाज में प्रभावी संवाद, जनभागीदारी और प्रेरक कहानियों की जरूरत होती है। उन्होंने प्रचार-प्रसार पर होने वाले भारी खर्च की समीक्षा करने की भी बात कही। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि वर्ष 1994 में सूरत में प्लेग की घटना के बाद ही शहर ने स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय बदलाव देखा।

### खजराना में सरकारी जमीन कराई खाली

**इंदौर।** शनिवार को जिला प्रशासन और नगर निगम की टीम ने खजराना इलाके में रिमूवल की कार्र?वाई की और सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया। बताया जा रहा है ये वहीं जमीन है, जहां अस्पताल बनना था, मगर पिछले छह सालों से अस्पताल सिर्फ कागजों पर था। निगम कमिश्नर क्षितिज सिंगल के निर्देश पर नगर निगम ने जिला प्रशासन के साथ शासकीय जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की दिशा में खजराना स्थित नारशाह वाली दरगाह के सामने कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान निगम के अमले ने लगभग 50 झोपड़े, 15 शेड, 8 दुकानें और 3 अवैध मकानों को हटाने की कार्रवाई की। बता दे कि यहां पिछले काफी वक्त से अतिक्रमण किया हुआ था। कार्रवाई करने के लिए नगर निगम का अमला दल बल के साथ यहां पहुंचा था। जिसके बाद यहां पर जेसीबी और पोकलेन मशीनों से अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल भी यहां तैनात किया गया था।

---

### बहुमंजिला इमारत में लिया किराए का फ्लैट, भड़के रहवासियों ने बंद कराया था काम

# इंदौर मेट्रो- खुदाई से हो रहा कंपन जांचेंगे जीएम

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

मल्हारगंज क्षेत्र में निर्माणाधीन मेट्रो के अंडरग्राउंड स्टेशन की खुदाई का कार्य चल रहा है। यहां सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक बोरिंग और खुदाई की जाती है, जबकि रात में कंक्रीटिंग का काम होता है।

इसी बीच शुक्रवार को अचानक आसपास रहने वाले लोग घबराकर अपनी इमारतों से बाहर निकल आए। उन्होंने भवनों में कंपन महसूस होने की शिकायत की। लोगों का कहना था कि उन्हें भूकंप जैसे झटके महसूस हुए। घरों में प्लास्टर गिरने लगा और सामान भी हिलने लगा। हंगामे के बाद रहवासियों ने मेट्रो का काम बंद करवा दिया।



इसके बाद मेट्रो प्रबंधन ने शिकायतों का वास्तविक आकलन करने का फैसला लिया। कंपनी के जीएम ने प्रभावित क्षेत्र स्थित महंत कॉम्प्लेक्स की एक बहुमंजिला इमारत में फ्लैट किराए पर लिया है। वे यहां स्वयं रहकर निर्माण कार्य के दौरान होने वाले कंपन और उसके प्रभाव की निगरानी करेंगे।

अब मेट्रो के जीएम रणवीर सिंह राजपूत दिन और विशेष रूप से रात के समय निर्माण कार्य के दौरान फ्लैट में मौजूद रहेंगे। वे यह आकलन करेंगे कि कंपन की तीव्रता कितनी है, उसका भवनों और लोगों पर क्या प्रभाव पड़ रहा है तथा तकनीकी स्तर पर किन सुधारों की आवश्यकता है। इलाके के रहवासियों का कहना है कि उनकी शिकायतों पर अब भी पूरी तरह विश्वास नहीं किया जा रहा है। महीनों से हम लोग कंपन, शोर और भवनों में आ रही दरारों जैसी समस्याओं की शिकायत कर रहे हैं। इसके बावजूद अधिकारियों को खुद मौके पर रहकर स्थिति समझने की जरूरत क्यों पड़ी? ऐसा लगता है कि किसी बड़े हादसे के बाद ही हमारी बातों को गंभीरता से लिया जाएगा।

इस बीच, शुक्रवार रात को मंत्री कैलाश विजयर्गीय रहवासियों से मिलने पहुंचे और उन्हें आश्वस्त किया था कि वे मेट्रो के अधिकारियों से बात करेंगे। इसके बाद शनिवार देर शाम तक काम बंद था। इस बीच जानकारी दी गई कि मेट्रो जीएम ने यहीं महंत कॉम्प्लेक्स में किराए से फ्लैट लिया है। वे यहां दिन और रात में जब भी काम करने के दौरान कंपन होता है, बर्तन गिरते हैं, दरारें आती हैं, क्या लोगों घर, भवन कमजोर तो नहीं हो रहे या खतरा तो नहीं है इसकी रियलिटी चेक करेंगे।

#### मेट्रो का दावा; झूठ बोलकर फैलाया जा रहा है भ्रम

उधर, मेट्रो प्रबंधन का कहना है कि रहवासियों की शिकायतों के बाद शनिवार सुबह काम के दौरान सबकुछ चेक किया, लेकिन ऐसा कुछ नहीं मिला। जो फ्लैट किराए पर लिया है, उसमें चेक करने के इंस्ट्रूमेंट्स भी रखे हैं, ताकि बारिश में खराब न हों। खुदाई के दौरान कोई कंपन नहीं हो रहा है, इसकी रियलिटी चेक की जा रही है। प्रबंधन का कहना है कि दरअसल खुदाई के बाद मिट्टी जेसीबी के पंजे से बाहर निकाली जाती है। इसके बावजूद उसमें मिट्टी चिपकी रह जाती है। उसे निकालने के लिए पंजे को आगे-पीछे, दाएं-बाएं किया जाता है, झटका देना पड़ता है। उसकी आवाज होती है। इसकी आवाज बहुत कम डेसिबल की होती है, जैसे छोटे पटाखे की आवाज। रहवासियों का ग्रुप फैला रहा भ्रम प्रबंधन का स्पष्ट कहना है कि नीचे से कंपन होना संभव ही नहीं है। एक अधिकारी ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बताया कि रहवासियों का एक ग्रुप शुरू से ही इसका विरोध कर रहा है और भ्रम फैला रहा है। लोग तो वहां प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं। यहां लोगों द्वारा शुरू में विरोध करने पर रात में खुदाई शुरू से ही नहीं हो रही है।

---

### उर्मिला हत्याकांड- आरोपी की गिरफ्तारी न होने से नाराज परिजन

# न्याय की मांग लेकर सड़क पर उतरे डाक विभाग के कर्मचारी, बेटी बोली- पापा को गिरफ्तार करो

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

चर्चित उर्मिला सैनी हत्याकांड में आठ दिन बीत जाने के बावजूद आरोपी पति अखिलेश सैनी की गिरफ्तारी नहीं होने से परिजनों, रहवासियों और डाक विभाग के कर्मचारियों का आक्रोश शनिवार को सड़क पर दिखाई दिया। बड़ी संख्या में लोग रैली निकालकर पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचे और जल्द गिरफ्तारी की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान मृतका की बेटी प्रेक्षा भी लोगों के साथ मौजूद रही। उसने भी पिता की गिरफ्तारी की मांग करते हुए अपना आक्रोश व्यक्त किया। पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह के बैठक में होने के कारण प्रदर्शनकारियों ने एसीपी निधि दंडोतिया को ज्ञापन सौंपा और कहा कि घटना को एक सप्ताह से अधिक समय गुजर चुका है, लेकिन आरोपी अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर है।

**मासूम के सपने में नजर आता है मां की हत्या का खूनी मंजर-** प्रदर्शन के दौरान लोगों ने पुलिस अधिकारियों को बताया कि उर्मिला के सात वर्षीय बेटे अव्यक्त की मानसिक स्थिति को लेकर परिवार बेहद चिंतित है। फिलहाल वह अपने नाना-नानी के पास खंडवा में रह रहा है। परिजनों के अनुसार अव्यक्त अब भी घटना के सदमे से बाहर नहीं निकल पाया है। वह अक्सर रात में चौंककर उठ जाता है और मां की हत्या का खूनी दृश्य याद कर रोने लगता है।




एक्सपर्ट्स पहले ही चेतावनी दे चुके हैं कि इस तरह की भयावह घटनाएं बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा और दीर्घकालिक प्रभाव छोड़ सकती हैं। ऐसे में परिवार और मनोवैज्ञानिक सहयोग दोनों की आवश्यकता होगी।

**पुलिस ने जल्द गिरफ्तारी का दिया भरोसा-** एसीपी निधि दंडोतिया ने प्रदर्शनकारियों को आश्वस्त किया कि आरोपी की तलाश के लिए कई टीमें लगातार काम कर रही हैं और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

पुलिस कमिश्नर कार्यालय से निकलने के बाद परिजन, रहवासी और डाक विभाग के कर्मचारी सांसद शंकर लालवानी के निवास पहुंचे। यहां उन्होंने आरोपी की गिरफ्तारी में हो रही देरी को लेकर चिंता जताई। सांसद ने मौके पर ही पुलिस कमिश्नर से मोबाइल पर चर्चा की और उपस्थित लोगों को भरोसा दिलाया कि पुलिस जल्द ही आरोपी तक पहुंच जाएगी।

#### एक परिवार की त्रासदी, दो मासूमों का संघर्ष

मां की हत्या और पिता के फरार होने के बाद प्रेक्षा और अव्यक्त की जिंदगी पूरी तरह बदल चुकी है। एक ओर परिवार न्याय की मांग कर रहा है, वहीं दूसरी ओर दोनों बच्चों के सामने उस दर्दनाक घटना की यादों से उबरकर सामान्य जीवन में लौटने की चुनौती खड़ी है। आरोपी की गिरफ्तारी की मांग के साथ अब लोगों की चिंता इन मासूम बच्चों के भविष्य और मानसिक स्वास्थ्य को लेकर भी बढ़ती जा रही है।

---

### चंद्रभागा के भाग फूटे

# एक किमी का टुकड़ा तीन साल से अधूरा, 30% ट्रैफिक इसी पर निर्भर



ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

शहर के मध्य क्षेत्र की महत्वपूर्ण लिंक रोड जूनी इंदौर-चंद्रभागा मेन रोड (रिवरसाइड रोड गौतमपुरा से कलालकुई-पलसीकर कॉलोनी तक) का निर्माण तीन साल से अधूरा है। साल 2023-24 में शुरू हुए इस प्रोजेक्ट के कारण जूनी इंदौर का 30% ट्रैफिक प्रभवित हो रहा है।

रहवासियों ने 2005 में ही मकान तोड़कर सड़क चौड़ीकरण के लिए साइट क्लीयर कर दी थी। अप्रैल 2025 में बचे बाधक निर्माण हटाए गए थे। रहवासियों के अनुसार, पहले महीने में 8 दिन काम होता था अभी 4-5 महीनों से काम पूरी तरह बंद है।

बिजली कंपनी ने घरों के अंदर लगा दिए खंभे पहले नाले की खुदाई दो साल तक लंबित रही, अब भी अधूरी है। घरों के सामने गिट्?टी, टूटे पाइप और आधे-अधूरे चैंबर पड़े हैं। रहवासी मनीष अनिया ने बताया कि बिजली कंपनी ने एलटी लाइन के खंभे लोगों के घरों के अंदर 2-2 फीट तक लगा दिए हैं। जांच में खंभों को गलत माना गया है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

फंड की स्वीकृति मिली, जल्द शुरू करेंगे गौतमपुरा से हरसिद्धि तक सड़क और नाला निर्माण का काम लगभग पूरा होने वाला है। फंड की स्वीकृति मिल चुकी है, इसलिए इस बची हुई सड़क का निर्माण कार्य भी जल्द शुरू कर दिया जाएगा।

**- अभय राजनगांवकर, अपर आयुक्त, नगर निगम**

---

### पुलिया का काम शुरू नहीं करने पर एजेंसी को फटकारा

# निगम कमिश्नर बोले- काम की स्पीड तेज नहीं की तो रोज लगेगी पेनल्टी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर नगर निगम रोड बनाने के काम तेजी से हो इसके लिए लगातार कोशिश कर रही है। शनिवार को भमोरी प्लाजा से एरोप्लेन चौराहे तक एमआर-10 व सांवेर रोड इंडस्ट्रीयल एरिया व एमआर-5 सुपर कॉरिडोर से पीएमवाय तक बन रही रोड का काम नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने देखा।

निगम कमिश्नर ने भमोरी रोज पर पुलिया बनाने का काम शुरू नहीं करने पर एजेंसी को जमकर फटकार लगाई और पुलिस का काम शुरू करने के लिए कहा। साथ ही रोड बनाने का काम भी धीमी गति से चलने पर कंसल्टेंट व रोड बनाने वाली एजेंसी के प्रतिनिधि पर नाराजगी जताई और काम को तेजी से करने को कहा।

साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि काम की गति नहीं बढ़ाने पर संबंधित एजेंसी पर प्रतिदिन के आधार पर पेनल्टी लगाई जाए।



साथ ही लोगों को ट्रैफिक में दिक्कत नहीं आने और ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित नहीं हो इसके लिए रोड डायवर्शन कर एक ओर का ट्रैफिक व्यवस्था रखते हुए रोड बनाने का काम करने के लिए कहा। निगम कमिश्नर के साथ अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, अधीक्षण यंत्री ओपी कुशवाह, योजना प्रभारी नरेश जायसवाल, जोनल अधिकारी सहित अन्य अधिकारी व एजेंसी के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

---

### आईएसओआई कॉन्फ्रेंस में एक्सपर्ट्स का दावा, अब मेडिकल टूरिज्म को भी मिलेगा बढ़ावा

# विदेशों जैसा डेंटल इलाज अब भारत में

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

दंत चिकित्सा के क्षेत्र में भारत तेजी से वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है। आधुनिक डिजिटल तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एडवांस्ड इंप्लांट सिस्टम की बदौलत अब मरीजों को विश्वस्तरीय डेंटल इंप्लांट इलाज के लिए विदेश जाने की आवश्यकता नहीं रह गई है। यही संदेश इंडियन सोसाइटी ऑफ ओरल इम्प्लांटोलॉजिस्ट की मिड टर्म कॉन्फ्रेंस एवं प्रथम पीजी कन्वेंशन के दूसरे दिन एक्सपर्टस ने दिया।

इंदौर में आयोजित तीन दिवसीय कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन एक्सपर्टस ने बताया कि नई डेंटल तकनीकें अब भारत में लगभग उसी समय उपलब्ध हो जाती हैं, जब वे दुनिया के अन्य विकसित देशों में लॉन्च होती हैं। इसका लाभ मरीजों को बेहतर, सुरक्षित और किफायती इलाज के रूप में मिल रहा है।



कॉन्फ्रेंस का औपचारिक उद्घाटन कमिश्नर डॉ. सुदाम खाडे ने किया। इस अवसर पर क्रडक के नेशनल प्रेसिडेंट डॉ. शरद शेट्टी और सेक्रेटरी डॉ. रिकीन गोगरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजन में देशभर से 350 से अधिक प्रतिनिधि और 20 से ज्यादा एक्सपर्टस स्पीकर्स शामिल हुए।

**भारत में बढ़ रही मेडिकल टूरिज्म की संभावनाएं-** मुख्य अतिथि डॉ. सुदाम खाडे ने कहा कि भारत में दंत चिकित्सा उपचार विकसित देशों की तुलना में काफी किफायती है, जबकि गुणवत्ता अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि ओरल हेल्थ के प्रति जागरूकता बढ़ने से डेंटल और मेडिकल टूरिज्म को भी नई गति मिलेगी और विदेशी मरीजों का भारत की ओर आकर्षण बढ़ेगा। आईएसओआई के नेशनल प्रेसिडेंट डॉ. शरद शेट्टी ने बताया कि अब इंप्लांट लगाने से पहले डिजिटल स्कैनिंग और एआई आधारित प्लानिंग की जाती है। कंप्यूटर पर जबड़े का विस्तृत विश्लेषण कर यह तय किया जाता है कि इंप्लांट किस स्थान और कोण पर लगाया जाएगा।

---


### रसकुंडिया जंगल में वन विभाग की टीम पर हमला, काम करने गई टीम पर तलवार से वार


# पथराव कर गाड़ियों के कांच फोड़े, तीन पर एफआईआर दर्ज

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के चोरल रेंज के ग्राम रसकुंडिया के जंगल में शनिवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई, जब शासकीय कार्य करने पहुंची वन विभाग की टीम पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। अतिक्रमण संभावित क्षेत्र में जल संरचना और कंटूर निर्माण का काम रोकने पहुंचे आरोपियों ने न सिर्फ वन विभाग के अमले पर पथराव किया, बल्कि तलवार और फालिये से भी हमला कर दिया।

इस झड़प में एक वनरक्षक के हाथ की कलाई पर तलवार का हत्था लगने से वह घायल हो गया। उसे इलाज के लिए मध्यभारत अस्पताल भेजा गया। आरोपियों ने जेसीबी और वन विभाग की एम्बुलेंस पर भी पथराव किया, जिससे वाहनों को नुकसान पहुंचा। घटना के बाद सिमरोल थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।





सिमरोल पुलिस के मुताबिक, वनपाल दर्शन सिंह परमार की शिकायत पर पवन पिता प्रेमसिंह भील, अनोखीलाल पिता प्रेमसिंह भील और प्रेमसिंह पिता पूनमचंद भील के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वनपाल ने बताया कि वे जंगल में शासकीय कार्य कराने पहुंचे थे। उनके साथ विभाग का अन्य स्टाफ भी मौजूद था। इसी दौरान प्रेमसिंह और उसके दोनों बेटे तलवार और फालिया लेकर पहुंचे तथा कर्मचारियों से गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उन्होंने पथराव शुरू कर दिया और शासकीय कार्य रुकवा दिया। आरोपियों ने दोनों जेसीबी और वन विभाग की एम्बुलेंस के कांच भी फोड़ दिए।

**वीडियो भी आया सामने-** इधर, जंगल में हुई इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें आरोपी हाथों में हथियार लिए नजर आ रहे हैं और काम को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। इधर, घटना की शिकायत के बाद पुलिस ने मामले में तीन लोगों को पर केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

#### जान से खत्म करने दी धमकी

घटना के दौरान अनोखीलाल के पास फालिया और पवन के पास तलवार थी। पवन ने वनरक्षक आनंद कुमार सिंह के साथ हाथापाई शुरू कर दी। इस हाथापाई में तलवार का हत्था आनंद कुमार के हाथ की कलाई पर लगा, जिससे आनंद कुमार सिंह को चोट लग गई और वह घायल हो गया। जैसे तैसे वन विभाग के कर्मचारियों ने आनंद कुमार को पवन से छुड़वाया। तीनों ने धमकी दी कि आज के बाद इस जगह पर कुछ भी काम करने लिए आए तो जान से खत्म कर देंगे। जिसके वन विभाग के कर्मचारी घायल आनंद को लेकर अस्पताल पहुंचे।

# भोपाल में बारिश के लिए गधे को खिलाए गुलाब जामुन:छतरपुर और पन्ना में आज हैवी रेन का अलर्ट; 34 जिलों में बूंदाबांदी होगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश के छतरपुर और पन्ना में अगले 24 घंटे के अंदर हैवी रेन यानी भारी बारिश का अलर्ट है। वहीं, जबलपुर-ग्वालियर समेत 34 जिलों में बूंदाबांदी हो सकती है। भोपाल, इंदौर-उज्जैन में मौसम साफ रहेगा। उधर, तेज बारिश के लिए प्रदेश में टोने-टोटके का दौर भी जारी है। शनिवार को भोपाल में गधे को गुलाब जामुन खिलाए गए।

मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश के आसपास चार साइक्लोनिक सकुर्लेशन (चक्रवात) और एक टर्फ एक्टिव है। इस वजह से शनिवार को भोपाल, नर्मदापुरम समेत कई जिलों में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हुई। ऐसा ही मौसम रविवार को भी बना रहेगा।

आज छतरपुर-पन्ना में भारी बारिश का अलर्ट है तो रायसेन, विदिशा, नर्मदापुरम, बैतूल, ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, मैहर, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, सागर, दमोह, टीकमगढ़ और निवाड़ी में बूंदाबांदी हो सकती है।

वहीं, भोपाल, राजगढ़, सीहोर, हरदा, इंदौर, झाबुआ, आलीराजपुर, धार, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, उज्जैन, नीमच, मंदसौर, रतलाम, आगर-मालवा, शाजापुर और देवास में मौसम के साफ रहने का अनुमान है।

### जुलाई में अब तक सामान्य से 15% कम बारिश

मध्य प्रदेश में पिछले 9 दिन में किसी भी जिले में भारी या अति भारी बारिश दर्ज नहीं की गई है। इस वजह से सामान्य बारिश का आंकड़ा लगातार कम हो रहा है। शनिवार तक यह आंकड़ा सामान्य से 15 प्रतिशत कम हो गया। प्रदेश में अब तक 247 मिमी बारिश हो चुकी है, जो सामान्य बारिश के 291 मिमी से 15% कम है। दूसरी ओर, पूर्वी हिस्से के जिलों में 26 प्रतिशत पानी कम गिरा है। वहीं, पश्चिमी हिस्से में भी 5% कम बारिश दर्ज की गई है। मध्य प्रदेश की सामान्य बारिश 37.3 इंच है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर जिले की सामान्य बारिश 38-39 इंच तक है।

मौसम विभाग के अनुसार, जून में कम बारिश हुई लेकिन जुलाई के शुरूआती दिनों में तेज बारिश होने से यह आंकड़ा बढ़ गया। बाद में लगातार 9 दिन से तेज बारिश नहीं होने से आंकड़ा माइनस में आ गया है। बता दें कि जुलाई में इस महीने पूरे मानसून की एक तिहाई बारिश का ट्रेंड है। जैसे- भोपाल में 39 इंच सामान्य बारिश है तो 14 इंच बारिश जुलाई में होती है। बड़े शहरों में जबलपुर ही ऐसा है, जहां सबसे ज्यादा 17 इंच से ज्यादा बारिश होती है। जुलाई के महीने में ही प्रदेश में कोटे की 40 प्रतिशत तक बारिश होती है।

प्रदेश में देवास सबसे ज्यादा बारिश वाला जिला है। यहां 102 प्रतिशत ज्यादा पानी गिर चुका है। मौसम विभाग के आंकड़ों की मानें तो यहां अब तक 18 इंच बारिश हो चुकी है। इंदौर-सीहोर में 14 इंच बरसात हुई है। हरदा में 15 इंच पानी गिर चुका है। वहीं, भोपाल में 13.1 इंच पानी गिरा है।

आगर-मालवा, अशोकनगर, बैतूल, बुरहानपुर, गुना, खंडवा, खरगोन, मंदसौर, नर्मदापुरम, नीमच, रायसेन, राजगढ़, रतलाम, शाजापुर, उज्जैन, विदिशा, अनूपपुर, बालाघाट, दमोह, डिंडोरी, जबलपुर, मंडला, पांढुर्णा, पन्ना, सागर, सिवनी और उमरिया जिले भी बेहतर स्थिति में है। आलीराजपुर में सबसे कम सवा 2 इंच ही बारिश हुई है, जो सामान्य से 74 प्रतिशत कम है।

इंदौर की बात करें तो 24 घंटे में 11.5 इंच बारिश होने का रिकॉर्ड है, जो 27 जुलाई 1913 को हुई थी। वर्ष 1973 में पूरे महीने 30.5 इंच पानी गिरा था। बारिश के चलते यहां भी तापमान में गिरावट देखने को मिलती है। इंदौर में महीने की एवरेज बारिश 12 इंच है।

### ग्वालियर में 6 बार 8 इंच से कम बारिश हुई

भोपाल, इंदौर और जबलपुर की तुलना में ग्वालियर में सबसे कम बारिश होती है। पिछले 10 साल में 6 बार ऐसा हुआ, जब 8 इंच से कम पानी गिरा हो जबकि यहां की एवरेज बारिश 9 इंच के करीब है। ग्वालियर में वर्ष 1935 में महीने की सबसे ज्यादा बारिश हुई थी। तब 623.3 मिमी यानी 24.5 इंच बारिश दर्ज की गई थी। 24 घंटे में सबसे ज्यादा बारिश की बात करें तो 12 जुलाई 2015 को 190.6 मिमी यानी साढ़े 7 इंच पानी बरसा था। ग्वालियर में जुलाई के महीने में एवरेज 11 दिन बारिश होती है।

**उज्जैन में जमकर होती है बारिश-** मध्य प्रदेश के अन्य शहरों की तरह उज्जैन में भी जुलाई में जमकर बारिश होती है। कोटे की करीब 40 प्रतिशत बारिश इसी महीने हो जाती है।

जुलाई में सामान्य तौर पर 13 दिन यहां बारिश होती है।

भोपाल में जुलाई में खूब बारिश होती है। यहां एक ही महीने में 1031.4 मिमी यानी 41 इंच के करीब बारिश होने का रिकॉर्ड है। यह साल 1986 में हुई थी। 22 जुलाई 1973 को एक ही दिन में 11 इंच बारिश हुई थी, जो अब तक का रिकॉर्ड है। भोपाल में जुलाई में एवरेज 15 दिन बारिश होती है यानी, हर दूसरे दिन पानी बरसता है। महीने की एवरेज बारिश 367.7 मिमी यानी 14.4 इंच है। बारिश के चलते दिन का तापमान 30 और रात में पारा 25 डिग्री सेल्सियस से कम रहता है।

### जबलपुर में पिछले साल 13 इंच से ज्यादा पानी गिरा

प्रदेश के 5 बड़े शहरों में जबलपुर ऐसा है, जहां सबसे ज्यादा बारिश होती है। वर्ष 1930 में यहां करीब 45 इंच पानी बरसा था जबकि 30 जुलाई 1915 को 24 घंटे की सर्वाधिक 13.5 इंच बारिश हुई थी। पिछले साल जुलाई में 13 इंच से ज्यादा पानी गिरा था। 2013 और 2016 में सबसे ज्यादा बारिश दर्ज की गई थी। जबलपुर में जुलाई की सामान्य बारिश 17 इंच है। महीने में 15 से 16 दिन पानी बरसता है।

## खबर एक नजर...

### दमोह-जबलपुर मार्ग पर अनियंत्रित बोलेरो डिवाइडर पर चढ़ी:चालक सुरक्षित

**दमोह.** दमोह-जबलपुर मार्ग पर शनिवार रात तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। घटना मिशन स्कूल के सामने रात करीब 10 बजे हुई। हादसे में डिवाइडर क्षतिग्रस्त हो गया, हालांकि कार चालक सुरक्षित बताया जा रहा है। घटना होते ही स्थानीय लोग मदद के लिए मौके पर पहुंचे। उन्होंने कार चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बोलेरो कमें सवार व्यक्ति किल्लाई नाके से कलेक्ट्रेट की ओर जा रहा था। बताया गया कि तेज बारिश के दौरान मिशन स्कूल के सामने पहुंचते ही बोलेरो बेकाबू हो गई और डिवाइडर पर जा चढ़ी। प्रत्यक्षदर्शियों ने कार की रफ्तार तेज होने की बात कही है। चालक ने घटना के संबंध में या अपनी यात्रा के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। सूचना मिलने पर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने डिवाइडर से गाड़ी को नीचे उतरवाया। कोतवाली पुलिस ने बताया कि चालक से प्रारंभिक जानकारी लेने के बाद उसे वाहन सहित जाने दिया गया। घटना की सूचना यातायात पुलिस को भी दी गई है और मामले की जांच जारी है।

### सतना में झमाझम बारिश से बदला मौसम, तापमान में गिरावट

**सतना.** सतना जिले में शनिवार शाम हुई बारिश ने कई दिनों से पड़ रही उमस और चिपचिपी गर्मी से लोगों को बड़ी राहत दी। मौसम ने अचानक करवट ली और गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चलीं। कई इलाकों में 15 से 20 मिनट तक तेज बारिश हुई, जबकि जिला मुख्यालय पर हल्की फुहारों का दौर चलता रहा। बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई और मौसम सुहावना हो गया। शनिवार शाम जिले के उचेहरा, बिरसिंहपुर और रामपुर बघेलान सहित कई क्षेत्रों में तेज बारिश दर्ज की गई। वहीं सतना शहर में हल्की बारिश हुई। बारिश के बाद सड़कों पर ठंडक महसूस की गई और लोगों को भीषण उमस से राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटे में आधा इंच से अधिक वर्षा रिकॉर्ड की गई। बारिश के बाद सुबह हवा में आर्द्रता 85 प्रतिशत और शाम को 66 प्रतिशत दर्ज की गई, जिससे मौसम अपेक्षाकृत ठंडा बना रहा।

# पति को कैंसर, बिना तलाक पत्नी ने की दूसरी शादी:कहा-तुम तो कल मर जाओगे, मेरा क्या होगा?; गिरफ्तारी वारंट

### इंस्टाग्राम पर दोस्ती, फिर परिवारों की रजामंदी से शादी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

रतलाम में सोशल मीडिया से शुरू हुई एक प्रेम कहानी का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। एक तरफ जहां पति कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहा है, वहीं उसकी पत्नी पर कानूनी रूप से तलाक लिए बिना ही दूसरी शादी करने का आरोप लगा है। अब इस मामले में कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए आरोपी पत्नी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है।



रतलाम की राजस्व कॉलोनी के रहने वाले आकाश जाट की मुलाकात इंस्टाग्राम के जरिए रतलाम की ही साक्षी नकुम से हुई थी। 6 महीने की दोस्ती के बाद दोनों ने 20 नवंबर 2022 को इंदौर के आर्य समाज मंदिर में शादी कर ली। शुरूआत में परिवारों ने विरोध किया, लेकिन बाद में वे मान गए। 13 दिसंबर 2022 को पूरे रीति-रिवाजों के साथ रतलाम में दोबारा शादी की गई।

शादी के महज चार महीने बाद आकाश की तबीयत बिगड़ने लगी। वडोदरा (गुजरात) में जांच के दौरान 10 अप्रैल 2023 को पता चला कि आकाश को सांस नली का कैंसर है। आकाश का कहना है कि कैंसर का पता चलते ही साक्षी का व्यवहार पूरी तरह बदल गया। उसने साथ निभाने के बजाय दूरी बना ली और कहा- तुम तो कल मर जाओगे, मेरा क्या होगा?

आकाश जब अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहा था, तब साक्षी ने महिला थाने में उसके खिलाफ मारपीट की शिकायत दर्ज करा दी। हालांकि, मेडिकल रिकॉर्ड पेश करने पर पुलिस ने आकाश पर कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद साक्षी ने फैमिली कोर्ट में तलाक की याचिका दायर कर दी।

### ग्वालियर में पहाड़ी किनारे 15 फीट ऊंची दीवार गिरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर

ग्वालियर में रविवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। चिरवाई नाका पर पहाड़ी किनारे बनी करीब 15 फीट ऊंची दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। दीवार के नीचे ठेला लगाने वाले और वहां खड़े कुछ लोग दब गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गई। बचाव दल ने अब तक 1 महिला समेत 3 लोगों को मलबे से बाहर निकाला है। दोनों गंभीर रूप से घायल हैं और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। मौके पर राहत और बचाव कार्य लगातार जारी है। मलबे में अन्य लोगों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है।

# मेडिकल नशे के सौदागर को 10 साल की सजा

## 720 नशीली कैप्सूल के साथ पकड़ा गया था आरोपी,स्पेशल कोर्ट ने 1 लाख 500 रुपए का जुमार्ना लगाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सतना

सतना जिले में मेडिकल नशे के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए विशेष एनडीपीएस एक्ट कोर्ट ने एक आरोपी को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी के कब्जे से 720 नशीली कैप्सूल बरामद की गई थीं, जिनकी कीमत 21 हजार 603 रुपए आंकी गई थी। अदालत ने आरोपी पर 1 लाख 500 रुपए का जुमार्ना भी लगाया है।

सहायक लोक अभियोजन अधिकारी (एजीपी) अखिलेश अवधिया ने बताया कि यह मामला 5 फरवरी 2024 का है। शाम करीब 7:30 बजे मुखबिर से सूचना मिलने पर सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने धवारी तालाब स्थित मसान बाबा के पास घेराबंदी कर आरोपी पवन उर्फ चिराग साकेत को रोका।




तलाशी के दौरान आरोपी के थैले से तीन डिब्बों में रखी कुल 720 नशीली कैप्सूल बरामद हुईं। पुलिस ने मौके पर ही मादक पदार्थ जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया और उसके खिलाफ सिटी कोतवाली थाने में मामला दर्ज किया। विवेचना पूरी होने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस एक्ट) की धारा 8 और 21 के साथ मध्यप्रदेश ड्रग कंट्रोल एक्ट की धारा 5/13 के तहत न्यायालय में चालान पेश किया। मामले की सुनवाई विशेष एनडीपीएस एक्ट कोर्ट में हुई। स्पेशल जज शशिकांत वर्मा ने साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर आरोपी को दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास और 1 लाख 500 रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई। अदालत ने माना कि आरोपी के खिलाफ लगाए गए आरोप संदेह से परे सिद्ध हुए हैं।

सतना में मेडिकल नशे के एक सौदागर को विशेष एनडीपीएस एक्ट कोर्ट ने 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी पवन उर्फ चिराग साकेत को 21 हजार 603 रुपए मूल्य की 720 नशीली कैप्सूल के साथ पकड़ा गया था। स्पेशल जज शशिकांत वर्मा की कोर्ट ने उस पर 1 लाख 500 रुपए का जुमार्ना भी लगाया है।

### 1 लाख 500 रुपए का जुमार्ना भी लगाया

यह कार्रवाई सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के धवारी तालाब के पास की गई थी। सहायक लोक अभियोजन अधिकारी (एजीपी) अखिलेश अवधिया ने बताया कि 5 फरवरी 2024 को शाम करीब 7:30 बजे मुखबिर की सूचना पर सिटी कोतवाली थाना पुलिस के विनोद रैकवार ने धवारी तालाब स्थित मसान बाबा के पास आरोपी को रोका। तलाशी के दौरान आरोपी पवन उर्फ चिराग साकेत के थैले में तीन डिब्बों में कुल 720 नशीली कैप्सूल मिलीं। पुलिस ने मौके से इन कैप्सूलों को जब्त कर आरोपी के खिलाफ थाना पहुंचकर प्रकरण दर्ज किया। विवेचना के बाद थाना पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस एक्ट) की धारा 8 और 21, साथ ही मध्य प्रदेश ड्रग कंट्रोल एक्ट की धारा 5/13 के तहत प्रकरण पेश किया। अदालत ने जुर्म साबित होने पर आरोपी को यह सजा सुनाई है।

### दतिया उपचुनाव...:रूठे नायक 7 दिन बाद कांग्रेस के ही प्रचार में उतरे, भाजपा चौपाल लगाएगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ दतिया

टिकट न मिलने से नाराज कांग्रेस नेता अवधेश नायक अंततः सात दिन बाद कांग्रेस के ही चुनावी प्रचार में उतर गए। साल 2023 के बाद उपचुनाव में भी टिकट न मिलने से वे घर बैठ गए थे और चुनाव प्रचार से दूरी बन रखी थी। उनकी नाराजगी की जानकारी मिलते ही भाजपा ने उन पर घर वापसी के लिए डोरे डाले। कांग्रेस नेता भी नायक को लगातार मना रहे थे। चर्चा भी रही कि वे भाजपा में वापसी करेंगे, लेकिन उन्होंने शनिवार को इन चचाओं पर विराम लगा दिया। पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा से अंतर्विरोध के चलते नायक ने 2023 में भाजपा छोड़कर कांग्रेस ज्वाइन कर ली थी। 11 जुलाई को दतिया विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस से घनश्याम सिंह का टिकट तय होते ही नाराज होकर नायक घर बैठ गए। कारण, 2023 के विधानसभा चुनाव में नायक को कांग्रेस ने टिकट दे दिया था, लेकिन बाद में काटकर राजेंद्र भारती को दे दिया। हाल ही में चुनावी सभा में पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने स्वीकार किया कि उन्होंने टिकट कटवाया था। भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने शनिवार को नगर एवं सीतापुर मंडल के अध्यक्षों के साथ बैठक बुलाई। इसमें बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता शामिल रहे। उन्होंने कार्यकताओं को नसीहत दी कि 10 दिन पूरे समर्पण के साथ अभियान में जुटे रहें। वहीं मतदान में अब सिर्फ 12 दिन बचे हैं, लेकिन भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी का जनसंपर्क अभी तक हर घर तक नहीं पहुंच पाया है।

### एमपी में कल से शुरू होगा बारिश का तीसरा दौर, कहीं भारी तो कहीं कम होगी बारिश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश में 20 जुलाई से वर्षा का तीसरा नक्षत्र पुष्य शुरू हो रहा है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार इस दौरान पूरे प्रदेश में एक जैसी बारिश नहीं होगी। कहीं तेज बारिश होगी तो कहीं सामान्य या कम वर्षा होने की संभावना है। वहीं, 18 जुलाई की रात चंद्रमा के कन्या राशि में प्रवेश के साथ लंबे समय से बना बंधक योग भी समाप्त हो गया है। नेहरू नगर स्थित ज्योतिष मठ संस्थान के ज्योतिषाचार्य एवं भविष्यवक्ता पंडित विनोद गौतम के अनुसार भारतीय ज्योतिष में वर्षा का आकलन आठ प्रमुख नक्षत्रों के आधार पर किया जाता है। इनमें पुष्य वर्षा का तीसरा नक्षत्र माना जाता है। इस बार पुष्य नक्षत्र में स्त्री संज्ञक प्रभाव और स्त्री-पुरुष योग बन रहा है। वर्षा की नाड़ी बहिन्न, वाहन महीषी और वर्षा के स्वामी मंगल हैं। इन ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति के कारण बारिश का क्रम पूरे समय एक जैसा नहीं रहेगा।

पंडित गौतम का कहना है कि प्रदेश और देश के अलग-अलग हिस्सों में मौसम का असर अलग-अलग रहेगा। कुछ स्थानों पर भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित हो सकता है, जबकि कई क्षेत्रों में सामान्य या कम वर्षा हो सकती है। उन्होंने बताया कि जिस वर्ष अधिक मास पड़ता है, उस वर्ष बारिश का चक्र सामान्य से करीब 15 दिन आगे खिसक

# पहले गाय और फिर ट्रक से टकराई कार, वीडियो, मुरैना में ड्राइवर ने मचाया उत्पात

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुरैना

मुरैना नेशनल हाईवे-44 पर शनिवार को कार चालक ने जमकर उत्पात मचाया। उसकी कार हाईवे पर सांप की तरह लहराते हुए चल रही थी। पीछे चल रहे एक अन्य कार चालक ने पूरी घटना का वीडियो बना लिया, जो अब सामने आया है। शनिवार शाम करीब 5 बजे नेशनल हाईवे-44 पर मारुति कार का चालक पूरी सड़क पर कार लहरा रहा था। कार एक बार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बैठे गौवंश से टकरा गई। इसके बाद भी चालक ने वाहन नहीं रोका। कुछ दूर आगे जाकर कार हाईवे पर चल रहे एक ट्रक से टकरा गई। टक्कर के बाद कार सड़क किनारे बनी दीवार से जा भिड़ी। हैरानी की बात यह रही कि हादसे के बाद भी चालक मौके पर नहीं रुका। वह क्षतिग्रस्त कार लेकर वहां से फरार हो गया।

### राहगीर बोले- नशे में धुत था युवक

पूरी घटना का वीडियो पीछे चल रही एक कार में सवार युवक ने बना लिया। उसका कहना है कि युवक नशे में धुत था। वीडियो सामने आने के बाद सिविल लाइन थाना पुलिस कार और उसके चालक की तलाश में जुट गई है। पुलिस वीडियो के आधार पर मामले की जांच कर रही है। गनीमत रही कि इस पूरे घटनाक्रम में कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि, जिस तरह चालक शराब के नशे में हाईवे पर वाहन चला रहा था, उससे बड़ा सड़क हादसा हो सकता था। पुलिस अब वाहन चालक की पहचान कर उसके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

### फिलहाल चालक की पहचान नहीं

सिविल लाइन थाना प्रभारी टीआई उदयभान यादव ने बताया कि फिलहाल कार चालक की पहचान नहीं हो सकी है। उसकी पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। पहचान होने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### 'नाजायज औलाद' जैसी धारणा होगी खत्म:

# यूसीसी को आज मिलेगी कैबिनेट में मंजूरी, जगदीशपुर में जुटेगी सरकार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश मंत्रिमंडल की आज जगदीशपुर (पुराना इस्लामनगर) में होने वाली बैठक में दो बड़े सुधारों पर फैसला हो सकता है। कैबिनेट के सामने रखे जा रहे समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के ड्राफ्ट में 'अवैध बच्चा' या 'नाजायज औलाद' जैसी कानूनी अवधारणा समाप्त कर सभी बच्चों को समान कानूनी दर्जा देने का प्रस्ताव है।

साथ ही विवाह, तलाक और लिव-इन रिलेशनशिप से जुड़े नए नियम भी लागू करने की तैयारी है। इसी बैठक में प्रदेश की एकमात्र मेडिकल यूनिवर्सिटी को दो हिस्सों में बांटने का प्रस्ताव भी रखा जाएगा, जिसके बाद भोपाल सहित मध्य और पश्चिम मध्यप्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेज उज्जैन मेडिकल यूनिवर्सिटी के अधीन आ जाएंगे।

विवाह और तलाकः ये होंगे बड़े बदलाव

यूसीसी ड्राफ्ट के अनुसार सभी समुदायों के लिए एक समय में केवल एक ही विवाह मान्य होगा। विवाह



और तलाक का पंजीयन अनिवार्य रहेगा, हालांकि केवल पंजीयन नहीं होने के आधार पर विवाह अमान्य नहीं माना जाएगा। यदि पति विवाह के समय किसी दूसरी महिला को गर्भवती कर चुका था तो पत्नी को भी अदालत में विवाह निरस्त कराने का अधिकार मिलेगा। अभी यह अधिकार सीमित परिस्थितियों में ही उपलब्ध है। ड्राफ्ट में मुस्लिम तलाक, सामाजिक पंचायत या अन्य गैर-कानूनी व्यवस्था से विवाह समाप्त करने को मान्यता नहीं देने का भी प्रावधान है।

लिव-इन भी कानूनी दायरे में

ड्राफ्ट के अनुसार, साथ रहने वाले जोड़े को एक माह के भीतर लिव-इन रिलेशनशिप का पंजीयन कराना होगा। ऐसा नहीं करने पर जेल और जुमार्ने का प्रावधान रहेगा। पंजीयन के बाद संबंध टूटने पर महिला पार्टनर को पत्नी की तरह भरण-पोषण मांगने का अधिकार मिलेगा। पहले से विवाहित व्यक्ति या पहले से किसी पंजीकृत लिव-इन संबंध में रहने वाला व्यक्ति नया पंजीयन नहीं करा सकेगा। सीएम डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को ग्राम जगदीशपुर में आयोजित होने वाली कैबिनेट की बैठक और 20 जुलाई से प्रारंभ होने वाले विधानसभा के मानसून सत्र की तैयारियों की समीक्षा की। सीएम डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को ग्राम जगदीशपुर में आयोजित होने वाली कैबिनेट की बैठक और 20 जुलाई से प्रारंभ होने वाले विधानसभा के मानसून सत्र की तैयारियों की समीक्षा की।

यूसीसी के मसौदे में अनुसूचित जनजातियों (एसटी) को उनके पारंपरिक रीति-रिवाजों को देखते हुए इस कानून के दायरे से बाहर रखने का प्रस्ताव है। कैबिनेट की मंजूरी के बाद यूसीसी ड्राफ्ट को विधेयक के रूप में विधानसभा में पेश किया जाएगा।

कैबिनेट में प्रदेश की एकमात्र मेडिकल यूनिवर्सिटी को दो हिस्सों में बांटने का प्रस्ताव भी रखा जाएगा। नए प्रारूप के अनुसार, महाकौशल और विंध्य क्षेत्र के मेडिकल कॉलेज जबलपुर मेडिकल यूनिवर्सिटी के अधीन रहेंगे, जबकि भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन सहित मध्य और पश्चिम मध्यप्रदेश के मेडिकल कॉलेज उज्जैन मेडिकल यूनिवर्सिटी से संबद्ध होंगे।

### उज्जैन के अधीन होगा भोपाल

प्रस्ताव के अनुसार भोपाल, रायसेन, विदिशा, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, अशोकनगर, गुना, इंदौर, उज्जैन, देवास, धार, रतलाम, मंदसौर, नीमच, खरगोन, खंडवा, बड़वानी, बुरहानपुर और सागर सहित पश्चिम एवं मध्य मध्यप्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेज उज्जैन विश्वविद्यालय के दायरे में आएंगे। वहीं जबलपुर, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, उमरिया, डिंडौरी, मंडला, बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, पन्ना, टीकमगढ़ समेत महाकौशल और विंध्य क्षेत्र के मेडिकल कॉलेज जबलपुर विश्वविद्यालय के अधीन रहेंगे।

# आर्टिकल 370 को बेस्ट फीचर फिल्म का नेशनल अवॉर्ड

**फिल्म आर्टिकल 370 को शनिवार को 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में वर्ष 2024 की बेस्ट फीचर फिल्म का पुरस्कार मिला। वहीं, फिल्म 'श्रीकांत' को बेस्ट हिंदी फिल्म का पुरस्कार मिला और यामी गौतम को लीडिंग रोल में बेस्ट एक्ट्रेस का पुरस्कार दिया गया। वहीं, 'ब्रमायुगम' के लिए ममूटी और 'चंदू चैंपियन' के लिए कार्तिक आर्यन को संयुक्त रूप से लीडिंग रोल में बेस्ट एक्टर का पुरस्कार दिया गया।**

### यामी गौतम को मिला पहला नेशनल अवॉर्ड

बेस्ट फीचर फिल्म का पुरस्कार जीतने वाली 'आर्टिकल 370' का निर्देशन आदित्य सुहास जांभले ने किया था। फिल्म में यामी गौतम ने मुख्य भूमिका निभाई थी, जिसके लिए उन्हें बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला। जो उनका पहला नेशनल अवॉर्ड होगा। सैकनिल्क के मुताबिक, करीब 20 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में लगभग 110 करोड़ रुपए का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया।

## यामी गौतम का करियर



**2008** में टीवी शो से एक्टिंग करियर की शुरुआत की।




'चांद के पार चलो', 'राजकुमार आर्यन' जैसे शो में नजर आईं।


**2010** में कन्नड़ फिल्म 'उल्लासा उत्साहा' से फिल्मों में डेब्यू किया।



**2012** में फिल्म 'विकी डोनर' से बॉलीवुड में कदम रखा।



'काबिल', 'उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक' और 'ओएमजी 2' में नजर आईं।



फिल्म 'आर्टिकल 370' में इंटेलिजेंस ऑफिसर की भूमिका निभाई।

'आर्टिकल 370' के लिए 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में बेस्ट एक्ट्रेस का सम्मान मिला।



## कार्तिक आर्यन का करियर



- 2011 में फिल्म **'प्यार का पंचनामा'** से बॉलीवुड में डेब्यू किया।
- **'सोनू के टीटू की स्वीटी'** से बड़े स्टार के रूप में पहचान बनाई।
- **'लुका छुपी', 'पति पत्नी और वो'** और **'भूल भुलैया 2'** जैसी फिल्मों में नजर आए।
- 2024 में रिलीज **'चंदू चैंपियन'** में पैरा एथलीट मुरलीकांत पेटकर की भूमिका निभाई।

### छत्तीसगढ़ में बारिश का 93 साल का रिकॉर्ड टूटा, कॉलोनियां डूबी, सूरजपुर में मकान ढहा

# अमरनाथ-वैष्णो देवी यात्रा रोकी गई, जम्मू-कश्मीर में बारिश का रेड अलर्ट, बिजली गिरने से 2 की मौत

ब्रह्मास्त्र ›› जम्मू

जम्मू-कश्मीर में अगले तीन दिन भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। जिसके चलते अमरनाथ यात्रा 19 जुलाई 2026 से स्थगित रहेगी। वहीं वैष्णो देवी यात्रा भी शनिवार से रोक दी गई है।

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में बारिश का 93 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। यहां 1993 में 14.93 इंच बारिश हुई थी। लेकिन शनिवार को 16 इंच बारिश हुई और ये रिकॉर्ड टूट गया।

यूपी के लखनऊ, कानपुर और बाराबंकी समेत सभी 75 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया। वाराणसी में गंगा नदी के जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी होने के बाद गंगा आरती की जगह बदलनी पड़ी है। झांसी में 15 मिनट की बारिश के बाद पारा 7 डिग्री तक कम हो गया। वहीं, अरुणाचल प्रदेश में लगातार हो रही बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन की स्थिति अब भी गंभीर बनी हुई है। पिछले 24 घंटों में अपर सुबनसिरी जिले के गिबा, निलिंग, चेतम और दापोरिजो सर्किलों के 35 गांवों में फ्लैश फ्लड और लैंडस्लाइड हुई। बाढ़ से अब तक 1,13,674 लोग प्रभावित हुए हैं।



छत्तीसगढ़ में मानसून फिर एक्टिव हो गया है। बंगाल, झारखंड और ओडिशा में बने लो प्रेशर एरिया से प्रदेश में लगातार नमी पहुंच रही है। इसी वजह से पिछले 24 घंटे में मध्य छत्तीसगढ़ के कई जिलों में जोरदार बारिश हुई। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटे तक मध्य और उत्तर छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में भारी बारिश की संभावना जताई है।

### मोटर बोट उतारनी पड़ी

बिलासपुर ने 93 साल बाद ऐसी बारिश देखी, जिसने पूरे शहर की रफ्तार थाम दी। महज 24 घंटे में 415.6 मिमी (16 इंच से ज्यादा) बारिश ने 1933 का 14.93 इंच का रिकॉर्ड तोड़ दिया। सड़कों पर कमर तक पानी भर गया, सैकड़ों घर जलमग्न हो गए और बाढ़ में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए मोटर बोट उतारनी पड़ी। रेलवे ट्रैक, हाईवे और पुल पानी में डूबने से रेल और सड़क यातायात बुरी तरह प्रभावित रहा। एक महिला की डूबने से मौत हो गई। स्कूल बंद रहे और परीक्षाएं प्रभावित हुईं। रेलवे स्टेशन और यार्ड में पानी भरने से 7 ट्रेनें रद्द करनी पड़ीं और 4 ट्रेनों का मार्ग बदला गया। करीब 80 बसों का संचालन भी प्रभावित रहा। सरगुजा जिले में बारिश के दौरान बिजली गिरने से 4 बच्चे झुलस गए। इनमें से 2 बच्चों की मौत हो गई।

# 30 साल बाद घर लौटेगा जवान का शव, माउंट एवरेस्ट पर तूफान में फंसे थे लद्दाख के दोरजे

### 26 हजार फीट ऊपर गुफा में शरीर

ब्रह्मास्त्र ›› लेह

माउंट एवरेस्ट की बर्फीली चोटियों पर 26,247 फीट ऊंचे 'डेथ जोन' में पिछले 30 सालों से एक पर्वतारोही का शरीर बर्फ में जमा है। पैरों में हरे जूते होने के कारण दुनिया उसे 'ग्रीन बूट्स' के नाम से जानती रही।

सालों तक इसे आईटीबीपी के हेड कांस्टेबल शेवांग पाल्जोर का शव माना गया, लेकिन हाल में हुए डीएनए टेस्ट से पुष्टि हुई कि यह लांस नायक दोरजे मोरुप का पार्थिव शरीर है। अब 30 साल इंतजार के बाद इस साल अक्टूबर तक लद्दाख में दोरजे के परिवार को उनका शव सौंपा जाएगा।

दोरजे मोरुप, शेवांग पाल्जोर और सूबेदार शेवांग समनला 1996 में तिब्बत के उत्तरी मार्ग से एवरेस्ट फतह करने निकली पहली भारतीय तीन सदस्यीय टीम का हिस्सा थे। 10 मई 1996 को शिखर के पास तीनों भीषण बर्फीले तूफान में फंस गए थे। यह अभियान बाद में '1996 माउंट एवरेस्ट डिजास्टर' के नाम से जाना गया, जिसमें उस सीजन में 12 पर्वतारोहियों की मौत हुई थी।



75 वर्षीय कोनचोक अब सुन नहीं सकतीं। वह पति की पेंशन पर गुजर-बसर करती हैं। जब से बेटे फुंतसोग दोरजे ने पिता का शव लाने वाले मिशन की सूचना दी, तब से वह रो रही हैं। उन्होंने बेटे को कागज पर लिखकर दिया है कि उनकी आखिरी इच्छा एक बार पति को देखने की है। उन्होंने लिखा, ह्नउन्हें देखकर ही आखिरी सांस लूंगी।ह्व दोरजे के बेटे फुंतसोग भारतीय सेना में हैं। उन्होंने बताया कि आईटीबीपी से उन्हें अब तक मिशन की पूरी जानकारी नहीं मिली है। मां ने पिता के इंतजार में पूरी जिंदगी रो-रोकर बिता दी। अब उनकी आंखों में उम्मीद नजर आ रही है। 1996 में ब्रिटिश पर्वतारोही और फिल्ममेकर मैट डिकिन्सन ने पहली बार बर्फ में फंसे दोरजे मोरुप के शव का वीडियो रिकॉर्ड किया था।

### सुप्रीम कोर्ट बोला- गाली देना हर बार अश्लीलता नहीं होती

ब्रह्मास्त्र ›› तमिलनाडु

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि गाली-गलौज या अभद्र भाषा का इस्तेमाल करना हमेशा अश्लीलता के दायरे में नहीं आता है। शुक्रवार को जस्टिस संजय करोल और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि कोई शब्द तभी अश्लील माना जाएगा, जब वह कामुकता को बढ़ावा देने वाला हो या लोगों को भ्रष्ट करने की प्रवृत्ति रखता हो। कोर्ट ने यह टिप्पणी तमिलनाडु के एक मामले में सुनवाई के दौरान की। जमीन विवाद के दौरान मां की गाली देने के लिए अश्लीलता के आरोप में दोषी ठहराया गया था। अगस्त 2017 में जमीन विवाद को लेकर आरोपी ने शिकायतकर्ता के साथ गाली-गलौज की थी। पीड़ित का आरोप था कि आरोपी ने जातिसूचक शब्दों भी कहे। बाद में घर से हथियार लाकर हमला कर दिया, जिससे उसकी नाक की हड्डी टूट गई थी।

### कैलाश मानसरोवर यात्रा का चौथा दल धारचूला में फंसा

ब्रह्मास्त्र ›› रुद्रप्रयाग

उत्तराखंड में लगातार बारिश का असर अब प्रमुख तीर्थ यात्राओं पर दिखने लगा है। पिथौरागढ़ में कैलाश मानसरोवर यात्रा मार्ग पर भूस्खलन होने से चौथा दल धारचूला में ही रुक गया है, जबकि जिले की 18 सड़कें बंद हैं।

वहीं रुद्रप्रयाग में केदारनाथ पैदल मार्ग पर भी कई जगह भूस्खलन हुआ, हालांकि प्रशासन ने रास्ता साफ कर पैदल यात्रा फिर शुरू करा दी है। पिथौरागढ़ जिले में गभार्धार के पास पहाड़ी दरकने से कैलाश मानसरोवर यात्रा मार्ग पर भारी मात्रा में मलबा और चट्टानें आ गईं। इसके चलते वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद हो गई। इसी कारण कैलाश मानसरोवर यात्रा का चौथा दल धारचूला में रोक दिया गया है। सड़क खुलने के बाद ही श्रद्धालुओं को गुंजी के लिए रवाना किया जाएगा। भारी बारिश के बाद कैलाश मानसरोवर मार्ग समेत जिले की 18 सड़कें मलबा आने से बंद हो गईं। इनमें तवाघाट-गुंजी, मुवानी-आलम दारमा, सोबला-उमचिया, बंगापानी-जाराजिबली और होकरा-नामिक जैसे प्रमुख मार्ग शामिल हैं। वहीं थल-मुनस्यारी सड़क पर शुक्रवार रात मलबा गिरने से करीब पांच घंटे तक यातायात ठप रहा।

# बंगाल में अभिषेक का पार्टी ऑफिस तोड़ा गया, TMC सांसद बोले- कार्यालय हमारे लिए मंदिर जैसा;

ब्रह्मास्त्र ›› कोलकाता

TMC सांसद अभिषेक बनर्जी के साउथ 24 परगना के अमतला में स्थित पार्टी ऑफिस को शनिवार को तोड़ दिया गया। यह कार्रवाई जिला प्रशासन की तरफ से की गई है। अधिकारियों के मुताबिक ऑफिस बिना किसी मंजूरी बिल्डिंग प्लान के बनाया गया था।

अभिषेक बनर्जी ने कहा कि पार्टी कार्यालय हमारे लिए मंदिर जैसा है। जमीन खरीदी गई थी और बिल्डिंग स्वीकृत नक्शे के अनुसार बनाई गई थी। हमारे पास सभी दस्तावेज हैं, जिन्हें हम हाईकोर्ट में पेश करेंगे।

उन्होंने आगे कहा- हर कार्रवाई की बराबर और विपरीत प्रतिक्रिया होती है। अगर मैं जिंदा रहा, तो 2031 के विधानसभा चुनाव के बाद इसी कानून के जरिए ब्याज सहित इसका जवाब दूंगा।



अमतला ऑफिस डायमंड हार्बर लोकसभा सीट का हिस्सा है। अभिषेक बनर्जी इसी सीट से सांसद हैं। जिले में टीएमसी की संगठनात्मक गतिविधियों का मुख्य केंद्र माना जाता रहा है। अगर भाजपा नेताओं को लगता है कि वे उन्हें बचा लेंगे, तो वे गलत हैं। कानून का हाथ बहुत लंबा है। चुनाव से पहले अन्नपूर्णा भंडार योजना थी, अब बुलडोजर मॉडल है। यही भाजपा का असली मॉडल है।

प्रशासन के अनुसार, इस ऑफिस के खिलाफ अवैध निर्माण की शिकायतें मिली थीं। इसके बाद 15 जुलाई को संबंधित लोगों को नोटिस जारी कर सुनवाई के लिए बुलाया गया था। अधिकारियों ने बताया कि दो नोटिसों का कोई जवाब नहीं मिलने के बाद प्रशासन ने आगे की कार्रवाई का फैसला लिया। नोटिस के मुताबिक, जिस जमीन पर यह ऑफिस बना है, वह कथित तौर पर 'लीप्स एंड बाउंड्स' नाम की कंपनी के नाम पर खरीदी गई थी।


# पत्नी ने स्कूल मालिक पति को सांप से डसवाकर मारा

## आधी रात बिस्तर पर सांप छोड़ा, लव-मैरिज की थी; मेरठ में शादीशुदा वैन ड्राइवर से अफेयर था

ब्रह्मास्त्र ›› मेरठ

मेरठ में स्कूल संचालक पति को पत्नी ने सांप से डसवाकर मरवा दिया। उसने शादीशुदा वैन ड्राइवर प्रेमी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। दामिनी ने पहले पति अतुल कुमार (32) को दूध में नींद की गोलियां मिलाकर पिला दी। फिर रात 2 बजे प्रेमी और सपेरों को बुलाकर बिस्तर पर करैत सांप छोड़ दिया। यह देश के 4 सबसे जहरीले सांपों में आता है।

वारदात के बाद दामिनी ने प्रेमी तुषार पायला को वहां से भगा दिया और खुद दूसरे कमरे में सोने चली गई। दामिनी शुक्रवार सुबह 6 बजे कमरे में पहुंची और चीखने लगी। उसने परिजनों से कहा कि अतुल को सांप ने काट लिया है। कमरे में सांप मौजूद था और अतुल के पैर पर डसने के निशान भी थे। इसे देखकर परिजनों को लगा कि उनकी मौत सांप के डसने से हुई है।



मामला तब पलटा, जब पूछताछ में पत्नी दामिनी (30) ने बताया कि उसे गर्मी लग रही थी, इसलिए वह बेटे के साथ कमरे से बाहर सोने चली गई थी। उसके इस बयान पर परिजनों को शक हुआ और उन्होंने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने दामिनी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कॉल डिटेल खंगालने पर वैन ड्राइवर तुषार पायला से उसकी लगातार बातचीत सामने आई। तुषार को पकड़ा गया तो उसने पूरी साजिश कबूल कर ली। उसने बताया कि अतुल उनके रिश्ते में रोड़ा बन रहा था। अतुल ने 20 लाख रुपए का बीमा भी कराया था।

### सांप से डसवाने से पहले कार से टक्कर भी मरवाई थी

पुलिस के मुताबिक, दो साल पहले तुषार ने अतुल के स्कूल में 10 हजार रुपए पर वैन ड्राइवर की नौकरी शुरू की। इसी दौरान उसकी दामिनी से नजदीकियां बढ़ गईं और दोनों के बीच अफेयर शुरू हो गया। दोनों शादी करना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने अतुल को रास्ते से हटाने और 20 लाख रुपए की बीमा राशि हासिल करने की साजिश रची। योजना थी कि हत्या के बाद तुषार अपनी पत्नी को तलाक देगा और दोनों नई जिंदगी शुरू करेंगे। जांच में पता चला कि दामिनी पिछले एक साल से पति की हत्या की साजिश रच रही थी। कुछ दिन पहले अतुल को एक अर्टिगा कार से टक्कर भी मारी गई थी, लेकिन दामिनी ने उस मामले में मुकदमा दर्ज कराने से मना कर दिया।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, रविवासरः 19 जुलाई, 2026

### सुभाषितानि

सत्येन धार्यते पृथ्वी सत्येन तपते रविः।
सत्येन वायवो वान्ति सर्वं सत्ये प्रतिष्ठितम्॥

**भावार्थ** : सत्य से पृथ्वी का धारण होता है, सत्य से सूर्य तपता है, सत्य से पवन चलता है। सब सत्य पर आधारित है।

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्याऽभ्यासेन रक्ष्यते।
मृज्यया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते॥

**भावार्थ** : धर्म का रक्षण सत्य से, विद्या का अभ्यास से, रुप का सफाई से और कुल का रक्षण आचरण करने से होता है।

## सम्पादकीयम्

### युद्धं, सत्तां, दमनं च इरान्देशे परिवर्तनस्य

चोरी क्रान्ति इति पुस्तके ज्ञायते यत् १९७९ तमे वर्षे ईरानीक्रान्तिः केवलं इस्लामिक-आन्दोलनम् एव नासीत्; तस्मिन् छात्राः, वामपक्षिणः, राष्ट्रवादिनः, बुद्धिजीविनः च अपि सम्मिलिताः आसन्। शाहस्य पतनस्य अनन्तरं कट्टरपंथीनां मौलवानां कृते सत्ता प्रस्थापिता, दमनं च तीव्रम् अभवत्। अधुना युद्धेन कट्टरपंथीभ्यः असहमतिं दमनार्थं नूतनः अवसरः प्राप्तः। इरान्-देशे आक्रमणस्य पक्षे तर्काः कृताः-इजरायल-देशेन अथवा अमेरिका-देशेन-एतत् शासनपरिवर्तनस्य मार्गं प्रशस्तं करिष्यति इति सूचितम्। वर्षाणां आर्थिकप्रतिबन्धानां राजनैतिकविरोधेन च इस्लामिकगणराज्यं दुर्बलं जातम् इति दावाः कृताः, येन कट्टरपक्षिणां निष्कासनं अपरिहार्यं जातम्; तथापि एतत् न अभवत्। इरान्-देशः संघर्षकाले स्वस्य सर्वोच्चनेता आयातल्लाह-खामेनी-इत्यस्य हानिम् अकरोत् चेदपि कट्टरपंथीनां सत्तायाः पकडः दुर्बलः न अभवत्। सीआयए इत्यनेन शाहस्य सत्तायां स्थापना कृता येगानेह तोर्बती, बोजोर्गमेहर शराफेडिन् च चोरी क्रान्तिः आधुनिक इरान् मध्ये विश्वासघातः आशा च इति ग्रन्थे लिखन्ति यत् इराणस्य कृते एतत् किमपि नवीनं नास्ति। पुस्तके ते देशस्य राजनैतिक-अशान्तिस्य पञ्चदशकानां वृत्तान्तं कुर्वन्ति। ते टिप्पणीं कुर्वन्ति यत् इरान्देशे यद्यपि वर्षाणि यावत् असहमताः।

### ईडी इत्यनेन अभियुक्तं रायपुरं आनयितुं विशेषपीएमएलए

# न्यायालये प्रस्तुतं च ४८ घण्टानां पारगमननिरोधः याचितः आसीत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रायपुर




उल्लेखनीयं यत् प्रवर्तननिदेशालयेन विकासगर्गः नवदिल्लीनगरस्य निवासस्थानात् जुलैमासस्य १४ दिनाङ्के गृहीतः आसीत्। तस्य गृहीतस्य अनन्तरं तस्मिन् एव दिने दिल्लीनगरस्य तिस हजारीन्यायालये अतिरिक्तसत्रन्यायाधीशस्य विजयशङ्करस्य समक्षं प्रस्तुतः। ईडी इत्यनेन अभियुक्तं रायपुरं आनयितुं विशेषपीएमएलए न्यायालये प्रस्तुतुं च ४८ घण्टानां पारगमननिरोधः याचितः आसीत्। परन्तु न्यायालयेन ४८ घण्टानां स्थाने २४ घण्टानां पारगमनस्य रिमाण्ड् अनुमोदितः; तदनन्तरं ईडी विकासगर्गं रायपुरम् आनयन् विशेषन्यायालये प्रस्तुतवान्।

दिल्लीन्यायालये सुनवायीकाले ईडी इत्यस्य प्रतिनिधित्वेन विशेषलोकअभियोजकः सिमोन बेन्जामिनः अवदत् यत् विकास गर्गः कथितेन महादेवस्य ऑनलाइन सट्टेबाजीसङ्घटनेन सह सम्बद्धस्य धनशोधनप्रकरणस्य सन्दर्भे अन्वेषणं कुर्वन् अस्ति। अन्वेषणकाले एकत्रितवित्तीयसाक्ष्याणां आधारेण विकासगर्गस्य हिरासतपरीक्षा आवश्यकी अभवत् इति एजेन्सी दावान् करोति। ईडी इत्यनेन न्यायालयाय अपि सूचितं यत् विकास गर्ग इत्यनेन सह कथितरूपेण सम्बद्धाः प्रायः ?940 कोटिरूप्यकाणां सम्पत्तिः पूर्वमेव अस्थायीरूपेण संलग्नाः सन्ति। अपि च, अस्य उच्चस्तरीयप्रकरणस्य सन्दर्भे रायपुरनगरस्य विशेषन्यायालये कुलम् ७४ अभियुक्तानां नामकरणं कृत्वा अभियोजनपक्षस्य शिकायतां दाखिला अस्ति।

ईडी इत्यनेन अपि दावितं यत् विकास गर्ग् इत्यस्मै बहुवारं समनपत्रं निर्गतम्, परन्तु सः एजन्सी इत्यस्य समक्षं उपस्थितः न अभवत्, अतः तस्य गिरफ्तारी आवश्यकी अभवत्। यद्यपि एजन्सी स्वीकृतवती यत् विकास गर्गस्य नाम प्रारम्भे मूल एफआईआर अथवा प्रवर्तनप्रकरणसूचनाप्रतिवेदने (ईसीआईआर) न समाविष्टम् आसीत् तथापि अन्वेषणकाले उद्भूतानाम् नूतनतथ्यानां वित्तीयदस्तावेजानां च आधारेण तस्य भूमिका शङ्किता प्रतीयते स्म फलतः तस्य अभिरक्षणपरीक्षायाः आवश्यकता अनुभूता।

अपरपक्षे रक्षावकीलः दिल्लीन्यायालयस्य समक्षं तर्कितवान् यत् ईसीआईआर-पञ्जीकरणं २०२२ तमे वर्षे अभवत्, ततः परं विकासगर्गः अधिकवारं अन्वेषणे भागं गृहीतवान् अस्ति। सः तर्कयति स्म यत् यदि एजन्सी किमपि अतिरिक्तसूचनाम् अपेक्षते तर्हि सम्मनद्वारा प्रश्नोत्तरं कर्तुं शक्यते स्म, तस्य निग्रहे ग्रहणस्य आवश्यकतां विना। रक्षापक्षेण विकास गर्ग् इत्यस्मै परदिने ईडी-कार्यालये उपस्थितः भविष्यति इति लिखितप्रतिज्ञां दत्त्वा पारगमन-रिमाण्ड्-स्थाने एकदिवसस्य अन्तरिम-जमानतस्य अनुमतिं दातुं न्यायालयेन अनुरोधः कृतः आसीत परन्तु न्यायालयेन ईडी-तर्काः अधिकं आकर्षकाः इति ज्ञात्वा पारगमन-रिमाण्ड्-प्रदानं कृतम्।

महादेवस्य ऑनलाइन-सट्टेबाजी-एप्-सम्बद्धः प्रकरणः देशस्य सर्वाधिक-उच्च-स्तरीय-वित्तीय-अपराध-धनशोधन-प्रकरणेषु अन्यतमः अस्ति। प्रवर्तननिदेशालयः कथितस्य अवैधसट्टेबाजीजालस्य, तत्सम्बद्धानां वित्तीयव्यवहारस्य, हवालाचैनलस्य, शेल्कम्पनीनां, अपराधस्य आयस्य प्रवाहस्य च अन्वेषणं कुर्वन् अस्ति। एजेन्सी कथयति यत् अन्वेषणं प्रचलति, आगामिषु दिनेषु अन्येषां कतिपयानां व्यक्तिनां प्रश्नः भवितुं शक्नोति। इदानीं कृते विकास गर्गः २४ जुलैपर्यन्तं ईडी-निग्रहे एव तिष्ठति, यत्र सः प्रकरणस्य विविधपक्षेषु विस्तृतप्रश्नानि करिष्यति।

### यदि भवान् ई-२० न इच्छति तर्हि

## शतप्रतिशतम् पेट्रोलं क्रीणीत परन्तु अधिकं मूल्यं दातव्यं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

केन्द्रीयसडकपरिवहनराजमार्गमन्त्री नितिनगडकरी इत्यनेन इथेनॉलइन्धनस्य विषये उत्थापितप्रश्नानां विषये स्वस्य वृत्तिः स्पष्टीकृता यत् अस्मिन् विषये तस्य व्यक्तिगतरुचिः नास्ति। सः सर्वदा वैकल्पिक-इन्धनस्य समर्थकः अस्ति इति बोधयति स्म, सर्वेषां स्वच्छ-ऊर्जा-विकल्पानां प्रचारस्य वकालतम् अपि करोति-न केवलं इथेनल्, अपितु मेथानल्, हाइड्रोजन, जैव-इन्धनं, विद्युत्-वाहनानि च सन्ति

गडकरी अपि स्वपुत्राणां व्यापारोद्यमानां विषये मुक्ततया उक्तवान्। सः अवदत् यत् इथेनॉलस्य योगदानं तस्य परिवारस्य व्यवसाये अत्यल्पं भवति, तस्मात् प्राप्तं आयं च न्यूनतमम् अस्ति। सः अवलोकितवान् यत् अस्मिन् व्यापारे 1,600 कोटिरूप्यकाणां ऋणं भवति। मम परिवारस्य पूर्वमेव शर्कराचक्रे अस्ति। मम पुत्राः तस्य कार्याणि प्रबन्धयन्ति, यदा तु इथेनल् मिश्रणकार्यक्रमः पेट्रोलियममन्त्रालयेन प्रशासितः। तस्मिन् मम कोऽपि भूमिका नास्ति इति सः अवदत्। गडकरी इत्यनेन उल्लेखितम् यत् तस्य पुत्राणां व्यापारस्य १० प्रतिशतं एव इथेनल् भवति, यदा तु तेषां कारखानानां भागः देशस्य समग्रे इथेनॉल-उद्योगे ०.५ प्रतिशतात् न्यूनः अस्ति सः स्वपरिवारस्य व्यापारस्य विषये क्रियमाणानि दावानि सर्वथा भ्रामकाः इति निराकृतवान्। केन्द्रीयमन्त्री उक्तवान् यत् भारतं कच्चे तैलस्य प्रमुखः आयातकः अस्ति, येन वैकल्पिक-इन्धनस्य प्रचारः तत्कालस्य आवश्यकता अस्ति। सः स्पष्टीकृतवान् यत सः केवलं इक्षुतः उत्पादितस्य इथेनॉलस्य वकालतम् न करोति; तस्य मते देशे अन्येभ्यः विविधेभ्यः स्रोतेभ्यः यथा मक्का, सस्यस्य कूपः, वेणुः, तण्डुलः च इत्यादिभ्यः अपि इथेनॉलस्य उत्पादनं भवति। सः दर्शितवान् यत् पानीपत-नगरे (हरियाणा) सस्य-कष्टेभ्यः, असम-देशे वेणुभ्यः, अन्येषु राज्येषु च तण्डुलेभ्यः इथेनल्-उत्पादनं भवति।

### धीरेन्द्र शास्त्री कथयति- भ्रात्रा सह मम किमपि सम्बन्धः नास्ति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

पंडित धीरेन्द्र शास्त्री इत्यनेन पूर्वं उक्तं यत् सः वर्षत्रयपूर्वं स्पष्टीकृतवान् यत् शालिग्रामेण सह तस्य कोऽपि सम्बन्धः नास्ति। सः अपि अवदत् यत्, सर्वथा, तस्य समीपस्थपरिवारेण सह कोऽपि सम्बन्धः नास्ति; समग्रं जगत् समाजं च तस्य परिवारः अस्ति। सः राष्ट्राय सनातनाय (धर्म) कृते जीवति। सः अवलोकितवान् यत् छतरपुरमण्डलं तस्य विस्तृतपरिवारं च विशालत्वात् एतादृशाः घटनाः काले काले भवन्ति इति अनिवार्यम्। विधिः दण्डं मेटयतु। तेषां विरुद्धं कानूनी कार्रवाई भवतु। ईश्वरः नियमः च कठोरतमं दण्डं योजयन्तु। प्रत्येकं घटनायां वयं न प्रवृत्ताः भवेम इति वयं गम्भीरतापूर्वकं निवेदयामः।

### राशिफल

**मेष** : आज आपको जीवनसाथी के साथ तालमेल बनाकर रखने की जरूरत है। व्यापारिक स्थिति अच्छी होगी।

**वृषभ** : सेहत अच्छी रहने वाली है। हालांकि आपको इस पर नजर रखने की जरूरत है कि आपका धन कहां पर खर्च हो रहा है।

**मिथुन** : आज आपके मन में कुछ उतार-चढ़ाव आ सकते हैं। धैर्य के साथ कार्यों को निपटाएं।

**कर्क** : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी।

**सिंह** : आज आप किसी प्रभावशाली व्यक्ति के संपर्क में आ सकते हैं। मन प्रसन्न तो रहेगा, लेकिन आत्मविश्वास में कमी रहेगी।

**कन्या** : आज आपको किसी पुरानी बीमारी से छुटकारा मिल सकता है। जीवनसाथी के साथ बहस से बचें।

**तुला** : आज कार्यस्थल पर आप बिजी रहने वाले हैं। पैसों से जुड़ा कोई मामला आपको परेशान कर सकता है।

**वृश्चिक** : आज आपकी सेहत अच्छी रहने वाली है। माता-पिता की सेहत का ध्यान रखना जरूरी है।

**धनु** : आज आपको अपनी सेहत को प्राथमिकता देनी चाहिए। खर्च की अधिकता मन को परेशान कर सकती है।

**मकर** : भावनात्मक तौर पर आप बहुत स्थिर नहीं रहेंगे, इसलिए आप अपनी फीलिंग्स पर कंट्रोल रखें।

**कुंभ** : आज आपके नए विचार कार्यस्थल पर नई पहचान दिला सकते हैं। हालांकि सतर्क रहें कोई कलीग साजिश रच सकता है।

**मीन** : आज आपको दोस्तों का साथ मिलेगा। आर्थिक रूप से दिन अच्छा रहने वाला है। किसी नए व्यापार की शुरूआत संभव है।

## ज्योतिष/वास्तु

# बुध मार्गी होते ही इन राशि वालों की बढ़ेगी इनकम, व्यापार में होगा बड़ा लाभ

बुध का यह मार्गी गोचर खासतौर पर इन तीन राशियों के लिए आर्थिक उन्नति लेकर आ सकता है। इस समय सोच-समझकर लिए गए निर्णय आपको बड़ा फायदा दिला सकते हैं।

24 जुलाई 2026 की रात 03 बजकर 54 मिनट पर बुध ग्रह मिथुन राशि में मार्गी होने जा रहे हैं। बुध की यह सीधी चाल खास मानी जा रही है, क्योंकि मिथुन राशि स्वयं बुध की राशि है। ऐसे में बुध यहां अधिक प्रभावशाली स्थिति में रहेंगे और कई जातकों को सकारात्मक परिणाम देने का कार्य करेंगे। इस दौरान मानसिक भ्रम की स्थिति कम होगी, फैसले लेने की क्षमता मजबूत बनेगी और कार्यक्षेत्र में चल रहा दबाव धीरे-धीरे कम हो सकता है। व्यापार से जुड़े लोगों को नए अवसर मिलेंगे, वहीं रुका हुआ धन वापस मिलने के भी प्रबल योग बन रहे हैं। आइए जानते हैं किन राशियों को इस गोचर से सबसे अधिक लाभ मिलने वाला है।

**मिथुन राशि-** मिथुन राशि वालों के लिए यह गोचर सबसे अधिक महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि



बुध ग्रह आपकी कुंडली में लग्न भाव और चौथे भाव के स्वामी हैं और अब आपकी ही राशि में मार्गी हो रहे हैं। बुध का अपनी राशि में सीधा होना आपके व्यक्तित्व को मजबूत बनाएगा। नौकरीपेशा लोगों को कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। लंबे समय से रुके हुए कार्यों में गति आएगी। पैतृक संपत्ति से संबंधित अच्छा लाभ आपको मिल सकता है। आर्थिक मामलों में सुधार देखने को मिलेगा और आय के नए स्रोत बनने की संभावना रहेगी।यदि आपने कहीं निवेश किया है तो वहां से भी अच्छा फायदा मिलने के संकेत हैं।

**सिंह राशि-** सिंह राशि वालों के लिए बुध ग्रह दूसरे भाव और ग्यारहवें भाव के स्वामी माने जाते हैं। वर्तमान में बुध आपकी कुंडली के लाभ भाव में गोचर कर रहे हैं और मार्गी होने के बाद इसके शुभ परिणाम और अधिक मजबूत हो सकते हैं। आय में अच्छी बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। व्यापार करने वाले लोगों को बड़े सौदे या नए क्लाइंट मिलने की संभावना है। परिवार से जुड़ी कुछ समस्याओं का समाधान निकल सकता है।

**वृश्चिक राशि-** वृश्चिक राशि वालों के लिए बुध देव आपकी कुंडली के आठवें भाव में मार्गी होने जा रहे हैं। साथ ही बुध आपके लाभ भाव के स्वामी भी माने जाते हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार बुध की आठवें भाव में मजबूत स्थिति कई बार अचानक लाभ और अप्रत्याशित सफलता दिलाने वाली साबित होती है। व्यापार में विस्तार की योजनाएं सफल हो सकती हैं। कार्यक्षेत्र में काम का दबाव ज्यादा देखने को मिलेगा। जो लोग जमीन या वाहन खरीदने की सोच रहे हैं उनकी यह इच्छा पूरी हो सकती है। करियर में चल रही परेशानियां कम हो सकती हैं और नए अवसर प्राप्त होंगे।

### टूर्नामेंट में 60 साल बाद भिड़ेंगे स्पेन और अर्जेंटीना, मेसी खेलेंगे लगातार दूसरा फाइनल


# फुटबॉल वर्ल्ड कप का फाइनल आज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ न्यूयॉर्क

फीफा वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला आज स्पेन और अर्जेंटीना के बीच होगा। टूर्नामेंट में दोनों टीमें 60 साल बाद आमने-सामने हो रही हैं। न्यूयॉर्क के न्यू जर्सी स्टेडियम में रात 12:30 बजे से मुकाबला खेला जाएगा।

स्पेन 2010 के बाद दूसरी बार वर्ल्ड चैंपियन बनने उतरेगा। दूसरी ओर डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना के पास चौथी बार ट्रॉफी जीतने और लगातार दूसरा वर्ल्ड कप अपने नाम करने का मौका होगा। जीत दर्ज करने पर अर्जेंटीना की टीम इटली (1938) और ब्राजील (1962) के बाद लगातार दो वर्ल्ड कप जीतने वाली तीसरी टीम बन जाएगी।

**करीब 19 साल पहले मेसी ने यमाल को गोद में उठाया था-** इस फाइनल की सबसे बड़ी कहानी लियोनेल मेसी और लामिन यमाल की है। मेसी अर्जेंटीना के सुपर स्टार हैं तो यमाल स्पेन की युवा सनसनी। मेसी स्पेन के ही क्लब बार्सिलोना के लिए खेलते थे। करीब 19 साल पहले बार्सिलोना के एक चैरिटी फोटोशूट में मेसी ने तीन महीने के यमाल को गोद में उठाकर नहलाया था। तब मेसी खुद 20 साल के थे। आज वही यमाल पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेसी के सामने उतरेंगे। यह तस्वीर 2024 में वायरल हुई थी और अब फुटबॉल इतिहास की सबसे चर्चित कहानियों में शामिल है।



- **स्पेन की डिफेंस २२ अर्जेंटीना का अटैक-** फाइनल में सबसे बड़ी टक्कर स्पेन की डिफेंस और अर्जेंटीना के अटैक के बीच होगी। स्पेन ने सिर्फ एक गोल खाया है, जबकि अर्जेंटीना ने 19 गोल दागे हैं। रोड्री, कुबार्सी और कुकुरेला पर मेसी को रोकने की जिम्मेदारी होगी, जबकि अर्जेंटीना की उम्मीदें मेसी, जूलियन अल्वारेज और एंजो फर्नांडीज पर टिकी होंगी।
- **पॉसिबल स्टार्टिंग -** स्पेनः उनाई सिमोन (गोलकीपर), पेड्रो पोरो, पाउ कुबार्सी, आयमेरिक लापोर्ट, मार्क कुकुरेला, रोड्री (कप्तान), फेबियन रुइज, लामिन यमाल, दानी ओल्मो, एलेक्स बेएना, मिकेल ओयारजाबाल।
- **अर्जेंटीनाः** एमिलियानो मार्टिनेज (गोलकीपर), नहुएल मोलिना, क्रिस्टियन रोमेरो, लिसांद्रो मार्टिनेज, निकोलस टैग्लियाफिको, लिएंड्रो परेडेस, एलेक्सिस मैक एलिस्टर, एंजो फर्नांडीज, गिउलियानो सिमियोने, लियोनेल मेसी (कप्तान), जूलियन अल्वारेज।

### गोल्डन बूट की रेस में मेसी सबसे आगे

मेसी गोल्डन बूट की दौड़ में सबसे आगे हैं। उन्होंने इस वर्ल्ड कप में 8 गोल और 4 असिस्ट किए हैं। दूसरी ओर स्पेन के मिकेल ओयारजाबाल 5 गोल के साथ टीम के टॉप स्कोरर हैं, जबकि 19 साल के यमाल 30 सफल ड्रिब्ल के साथ टूनार्मेंट के सबसे इम्पैक्टफुल विंगर रहे हैं।

### दोनों टीमें बराबरी पर

दोनों टीमों के बीच अब तक 14 मुकाबले खेले गए हैं। दोनों ने 6-6 मैच जीते हैं और 2 मुकाबले ड्रॉ रहे। वर्ल्ड कप में दोनों की अब तक सिर्फ एक भिड़ंत हुई है। 1966 में अर्जेंटीना ने स्पेन को 2-1 से हराया था। वहीं पिछली भिड़ंत 2018 के दोस्ताना मैच में हुई थी, जिसमें स्पेन ने अर्जेंटीना को 6-1 से मात दी थी।

### स्पेन ने पूरे टूनार्मेंट में सिर्फ एक गोल खाया

लुइस डे ला फुएंते की टीम की शुरूआत केप वर्डे के खिलाफ 0-0 के ड्रॉ से हुई थी। इसके बाद स्पेन ने लगातार छह मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह बनाई। टीम ने ऑस्ट्रिया, पुर्तगाल, बेल्जियम और सेमीफाइनल में फ्रांस को 2-0 से हराया। पूरे टूर्नामेंट में स्पेन ने सिर्फ एक गोल खाया। गोलकीपर उनाई सिमोन ने वर्ल्ड कप के एक सीजन में सबसे ज्यादा छह क्लीन शीट का रिकॉर्ड बनाया। वहीं कप्तान रोड्री ने रिकॉर्ड 648 सफल पास पूरे किए।

### अर्जेंटीना लगातार सात जीत के साथ फाइनल में

डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना ने ग्रुप स्टेज में अल्जीरिया, ऑस्ट्रिया और जॉर्डन को हराया। इसके बाद केप वर्डे, मिस्त्र, स्विट्जरलैंड और इंग्लैंड को हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बनाई। मिस्त्र के खिलाफ 0-2 से पिछड़ने के बाद 3-2 की जीत और सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ पिछड़कर 2-1 से जीत ने टीम की चैंपियन मानसिकता दिखाई। अर्जेंटीना ने लगातार सात मुकाबले जीते हैं और इस विश्व कप में सबसे ज्यादा 19 गोल किए हैं।

### कॉमनवेल्थ गेम्स में चानू और लवलीना होंगी भारत की ध्वजवाहक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ओलंपिक मेडलिस्ट मीराबाई चानू और लवलीना बोरगोहेन ग्लासगो में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स के उद्घाटन समारोह में भारत की ध्वजवाहक होंगी। भारतीय ओलंपिक संघ ने शनिवार को इसकी घोषणा की। इस मल्टी-स्पोर्ट इवेंट का उद्घाटन समारोह 23 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा कि दोनों खिलाड़ियों का यह सम्मान मिलना गर्व की बात है। फिलहाल दोनों खिलाड़ी यूनाइटेड किंगडम में ट्रेनिंग कर रही हैं। मीराबाई चानू 8 अगस्त को 32 साल की हो जाएंगी। वे करीब एक दशक से भारत की प्रमुख वेटलिफ्टर हैं। उन्होंने 2021 टोक्यो ओलंपिक में सिल्वर और 2022 बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीता था। हालांकि वे 2024 पेरिस ओलंपिक में पदक नहीं जीत सकीं, लेकिन ग्लासगो में वे भारत की बड़ी उम्मीद हैं। लवलीना बोरगोहेन ने टोक्यो ओलंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। इसके बाद उन्होंने 2023 वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड और 2023 हांगझू एशियाई खेलों में सिल्वर मेडल अपने नाम किया। ग्लासगो में होने वाले इन खेलों में लवलीना को भारत की प्रमुख पदक दावेदारों में से एक माना जा रहा है।

# टीम इंडिया 22 साल से लॉर्ड्स में नहीं जीती...




### इंग्लैंड से तीसरा वनडे आज, सीरीज 1-1 की बराबरी पर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ लॉर्ड्स

भारत और इंग्लैंड के बीच सीरीज का तीसरा और आखिरी वनडे आज लॉर्ड्स में खेला जाएगा। दोनों टीमें सीरीज में 1-1 की बराबरी पर हैं। टीम इंडिया के सामने इस मुकाबले में 22 साल से लॉर्ड्स में वनडे जीत का सूखा खत्म करने का मौका होगा।

भारत ने लॉर्ड्स में आखिरी वनडे जीत 2004 में दर्ज की थी। इसके बाद खेले गए 4 मैचों में टीम को 3 हार मिलीं, जबकि एक मुकाबला टाई रहा। हालांकि, लॉर्ड्स में भारत का ओवरऑल रिकॉर्ड बराबरी का है। टीम ने यहां 9 वनडे खेले हैं, जिनमें 4 में जीत और 4 में हार मिली, जबकि एक मैच टाई रहा। भारत और इंग्लैंड के बीच अब तक कुल 112 वनडे मैच खेले गए हैं। इनमें भारतीय टीम ने 62 मुकाबलों में जीत दर्ज की है, जबकि इंग्लैंड को 45 मैचों में सफलता मिली है। दोनों टीमों के बीच 2 मुकाबले टाई रहे हैं, जबकि 3 मैचों का नतीजा नहीं निकला। इंग्लैंड की सरजमीं पर दोनों टीमों के बीच कुल 46 मुकाबले हुए हैं, जिसमें से इंग्लैंड ने 24 और भारत ने 19 मैच जीते हैं। एक मैच टाई है और 3 मुकाबले बेनतीजा रहे हैं। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने सीरीज में अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने 2 मैचों में 111 रन बनाए हैं और उनका बल्लेबाजी औसत 111.00 रहा है। गिल का बेस्ट स्कोर नाबाद 80 है। कप्तान के तौर पर गिल की बल्लेबाजी भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगी।

## खबर एक नजर...

### देवासगेट पुलिस ने दर्ज किये दोनों चाकूबाजी के मामले

**उज्जैन।** शुक्रवार शाम को चामुंडा माता चौराहा बाइक सवार बदमाश ने चाकूबाजी करते हुये अयुब खां का हाथ काट दिया था। उक्त बदमाश ने कुछ मिनट बाद ग्राउंड होटल के पास मोहम्मद सईद का गला रेत था। चाकूबाज को लोगों की मदद से पकड़ लिया गया था, जिसे माधवनगर थाना पुलिस को सौंपा गया था। चाकूबाज कमल पिता देवीलाल ग्राम बिछडौद का रहने वाला सामने आया था। कुछ मिनट में हुई 2 चाकूबाजी की घटना में दोनों प्रकरण देवासगेट थाना पुलिस द्वारा दर्ज किये गये है। थाना प्रभारी नरेन्द्रसिंह परिहार ने बताया कि आरोपी को माधवनगर थाना पुलिस की कस्टडी से देवासगेट लाया गया है। उससे चाकू और हमले में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई है। आरोपी को रविवार दोपहर न्यायालय में पेश किया जायेगा। दोनों घायलों को परिजन चरक अस्पताल से उपचार के लिये निजी अस्पताल लेकर गये है।

### क्रेडिट कार्ड पर ऑफर का झांसा देकर ठगे 60 हजार

**उज्जैन।** शिवाजी पार्क में कालोनी में रहने वाले 68 वर्षीय सत्येन्द्र पिता विष्णु स्वरूप श्रीवास्तव बैंक से सेवानिवृत्त कर्मचारी है। 12 जुलाई को उन्होने फेसबुक पर विज्ञापन देखा, जिसमें सेवानिवृत्त बैंककर्मियों को क्रेडिट कार्ड पर विशेष ऑफर की बात लिखी गई थी। उन्होने विज्ञापन पर क्लिक किया, कुछ देर बाद आईसीआईसीआई बैंक से उनके पास कॉल आ गया। बताया गया कि क्रेडिट कार्ड पर विशेष ऑफर है और लिमिट बढ़ाई जा रही है। सत्येन्द्र श्रीवास्तव बातों में आ गये, कॉल धारक ने लिंक भेज फोटो के साथ केडिट कार्ड नम्बर मांग लिया। कुछ देर बाद मैसेज मिला की उनके खाते से एक बार 10 हजार और दूसरी बार में 50 हजार का ट्रांजेक्शन हुआ है। अपने साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी होने पर उन्होने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। जहां से ई-एफआईआर माधवनगर थाना पुलिस के पास पहुंची। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ धारा 318 (4) भारतीय न्याय संहिता का प्रकरण दर्ज किया है। बैंक के माध्यम से 60 हजार का ट्रांजेक्शन किस खाते में हुआ है, इसकी जानकारी जुटाकर धोखाधड़ी करने वाले का पता लगाया जा रहा है।

### पेट दर्द की शिकायत के बाद युवक की मौत

**उज्जैन।** पंवासा थाना क्षेत्र अमृतनगर में रहने वाले रितेश पिता राकेश मंडोर 21 साल को शुक्रवार रात पेट दर्द होने पर परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। मामला संदिग्ध होने पर पंवासा थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया। प्रधान आरक्षक अनिल पाल ने बताया कि परिजनों से पूछताछ में पता चला कि रितेश 3 साल पहले सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। कुछ दिनों तक कोमा में रहा था। होश आने के बाद से उसका दिमागी संतुलन बिगड़ गया था। रात में उसने पहले सिर दर्द होना बताया, फिर पेट दर्द की शिकायत करने लगा। उसे अस्पताल लाया गया, जहां कुछ देर बाद मौत हो गई। प्रधान आरक्षक पाल के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर पता चलेगा कि मौत की वजह क्या रही है।

### विवाद होने पर पड़ोसी ने कुल्हाड़ी से किया हमला

**उज्जैन।** घट्टिया तहसील के ग्राम कोलूखेड़ी में रहने वाले इंदर पिता प्रहलाद मोंगिया और पड़ोस में रहने वाले नाथुसिंह के बीच शुक्रवार रात शराब के नशे में विवाद हो गया था। दोनों में गाली-गलौच के बाद मामला हाथपाई में बदल गया। तभी नाथुसिंह घर में से कुल्हाड़ी लाया और इंदर पर हमला कर दिया। घायल इंदर को परिजन उपचार के लिये रात में उज्जैन चरक अस्पताल लेकर आये, जहां उपचार चल रहा है। घट्टिया थाना पुलिस बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू करेगी।

### पड़ोसियों ने खोला दरवाजा तो झुलसता दिखा वृद्ध

**उज्जैन।** तिरूपतिधाम कालोनी में रहने वाला 65 वर्षीय रामचंद्र सोलंकी लकवाग्रस्त है। वह बिस्तर से उठ नहीं पाता है, दोपहर में पत्नी शांताबाई बाजार जाते समय बाहर से दरवाजा लगा गई थी। कुछ देर बाद पड़ोसियों ने धुआं निकलता देखा तो दरवाजा खोला रामचंद्र जलते बिस्तर पर झुलसता दिखाई दिया। उसे तत्काल उठाया गया और अस्पताल लाया गया। उसका लकवाग्रस्त पैर जल चुका था। आशंका जताई गई है कि रामचंद्र बीड़ी पीता है। जलती बीड़ी से बिस्तर में आग लगी और वह उठ नहीं पाया। अस्पताल स्टॉफ द्वारा घटनाक्रम से चिमनगंज थाना पुलिस को अवगत कराया गया है। आग से झुलसने का एक मामला दताना-मताना से सामने आया। यहां निर्माणधीन बिल्डिंग में पुताई का काम कर रहा जितेन्द्र पिता रामकिशोर 32 वर्ष खाना बनाते समय कपड़ो में आग लगने से झुलस गया। उसे चरक अस्पताल की बर्न यूनिट में भर्ती किया गया है।

### मुनिनगर में महिला ने खाया जहरीला पदार्थ

**उज्जैन।** मुनीनगर में रहने वाली पूजा पति राकेश भोई 36 साल ने शनिवार शाम जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ती देख परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया और नानाखेड़ा थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस हालत में सुधार होने पर बयान दर्ज कर जहरीला पदार्थ खाना की वजह पता लगायेगी।

---

दो पक्षों के बीच विवाद में तीन से चार लोग घायल, गोरकर परिवार पर पासियों ने किया हमला, घटना में एक की मौत

# नीलगंगा चौराहा पर रात 11 बजे चली ताबातोड़ गोलियां

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

नीलगंगा चौराहा पर रात 11 बजे गोलियां चलने पर दहशत फैल गई। दो पक्षों के बीच विवाद में तीन से चार लोग घायल हुये, जिन्हे निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां एक की मौत होना सामने आया। घटनाक्रम के बाद एसपी मौके पर पहुंचे। एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है।

एएसपी गुरूप्रसाद पाराशर ने बताया कि नीलगंगा चौराहा पर गोरकर परिवार और पासियों के बीच विवाद होने की खबर मिलने पर पुलिस पहुंची थी। प्रारंभिक जांच में 3 से चार लोगों के घायल होने की बात सामने आई। बताया जा रहा है कि कुछ महिनों से दोनों पक्षों के बीच किसी लड़की को लेकर विवाद चला आ रहा था। उसी विवाद में पासी समाज के



कुछ लोगों ने गोरकर परिवार के मां हरसिद्धी दरबार फूड कैफे एंड रेस्टोरेंट पर आकर हमला किया। गोलियां चलने की बात सामने आई है, जिसकी जांच जारी है। एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। जिससे पूछताछ की जायेगी।



घटनाक्रम के बाद एसपी प्रदीप शर्मा खुद मौके पर पहुंचे थे, उन्होने घटना की जानकारी ली और हमलावरों को पकड़ने के लिये टीमों को अलर्ट किया। बताया जा रहा है कि घटनाक्रम में गोली लगाने से लोकेश गोरकर की मौत हुई है। वहीं दिलीप राव गोरकर, जय गोरकर के साथ एक अन्य घायल हुआ है।

**पुलिस ने बरामद किये गोलियों के राउंड-** नीलगंगा चौराहा पर एएसपी गुरूप्रसाद पाराशर, सीएसपी दीपिका शिंदे, नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील, माधवनगर प्रभारी गजेंद्र पचौरिया के साथ नीलगंगा थाने का पूरा स्टॉफ पहुंचा था। घटनास्थल से गोलियां चलने के खाली राउंड बरामद किये गये। काफी जगह खून फैला था, जिसका परीक्षण करने के बाद पानी से साफ कराया गया।

#### हमलावरों की संख्या 15 से अधिक

घटनास्थल पर लोगों का कहना था कि हमलावरों की संख्या 15 से अधिक रही होगी। जिनके पास कट्टे, चाकू और अन्य हथियार थे। विवाद के बाद गोरकर परिवार ने बचाव में हमला किया लेकिन हमलावरों ने गोलियां चलाना शुरू कर दी। कुछ वाहन भी क्षतिग्रस्त किये और हमलावर रेस्टोरेंट के सामने गोरकर परिवार के घर तक पहुंच गये थे। आसपास के लोगों को कहना था कि वह सोने की तैयारी में थे गोलियां चलने की आवाज सुनकर बाहर आये तो अफरा-तफरी दिखाई दी। **इनका कहना-** घटना के बाद मामले की जांच शुरू कर दी गई है। घायलों के पूछताछ कर जानकारी जुटाई जा रही है। हमला करने वालों की धरपकड़ के प्रयास किये जा रहे है। **-प्रदीप शर्मा, एसपी**

---

# गुप्त नवरात्रि में श्रद्धा के साथ हुई मां विपदतारिणी की पूजा

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

गुप्त नवरात्रि का विशेष महत्व साधकों तथा तांत्रिक साधना से जुड़े श्रद्धालुओं के लिए माना जाता है। प्राचीन काल से ही बंगाल तंत्र साधना और शक्ति उपासना का प्रमुख केंद्र रहा है। आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की गुप्त नवरात्रि में द्वितीया से नवमी तिथि के बीच आने वाले शनिवार को मां काली के विपदतारिणी स्वरूप की विशेष पूजा-अर्चना का विधान है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रो. काजल नंदी ने बताया कि गुप्त नवरात्रि के अवसर पर शनिवार को उज्जैन के बंगाली परिवारों में मां विपदतारिणी की श्रद्धापूर्वक पूजा की गई। मान्यता है कि मां विपदतारिणी अपने भक्तों और उनके परिवार को सभी प्रकार की विपत्तियों एवं संकटों से रक्षा प्रदान करती हैं। इसी आस्था के साथ परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और सुरक्षा की कामना करते हुए विधि-विधान से पूजा संपन्न की गई।

उन्होंने बताया कि मां की पूजा में पान और बताशे का विशेष महत्व होता है। इसके साथ ही



मौसमी फलों का नैवेद्य अर्पित कर परिवार की खुशहाली और मंगलमय जीवन की प्रार्थना की गई। पूजा के उपरांत घरों में विशेष पकवान बनाए गए तथा परिवार के सभी सदस्यों ने प्रसाद ग्रहण कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया।

---

हिरासत में आने पर बेग से मिले 1.17 लाख के उपकरण

# रिमांड पर नर्मदा-क्षिप्रा परियोजना के वॉल्व चुराने वाला

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

नर्मदा-क्षिप्रा बहुउद्देशीय परियोजना में लगाये गये उपकरण (वॉल्व) चोरी करने वाला बदमाश हिरासत में आ गया। उसके पास से 1.17 लाख से अधिक कीमत के वॉल्व बरामद किये गये है। शनिवार को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया और रिमांड पर लिया।

तराना थाना प्रभारी रामनारायणसिंह भदौरिया ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में नर्मदा-क्षिप्रा परियोजना में किसानों के खेतों में डाली गई पाइप लाइन के ओएमएस बॉक्स से पीएफसी वॉल्व चोरी होने की शिकायत परियोजना अधिकारियों द्वारा की गई थी। पुलिस के साथ परियोजना के अधिकारी-कर्मचारी नजर रख रहे थे। इसी दौरान खबर मिली कि परियोजना



कर्मचारी ने ग्राम नाटाखेड़ी-बगोदा स्थित परियोजना क्षेत्र में एक संदिग्ध व्यक्ति के घूमने हुये देखा है। पुलिस पहुंचती उससे पहले कर्मचारी ने ग्रामीणों की मदद से उसे पकड़ लिया था। उसके बेग में चोरी किये गये परियोजना के वॉल्व भरे थे। पुलिस मौके पर पहुंच उसे हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर चोरी करने वाला का नाम दरबारसिंह पिता चरणसिंह निवासी ग्राम भैसाखेड़ी थाना टोंकखुर्द जिला देवास होना सामने आया। उसके पास से 28 वॉल्व बरामद किये गये। जिसकी कीमत 1.17 लाख से अधिक पाई गई है। आरोपी के खिलाफ धारा 303(5) भारतीय न्याय संहिता का प्रकरण दर्ज किया गया। शनिवार को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। इस बात की जानकारी जुटाई जा रही है कि उपकरण चोरी में वह अकेला शामिल है या फिर उसके अन्य साथी भी है। वह कब से उपकरण चोरी कर रहा था और कहां ठिकाने लगाने वाला था।

#### एक वॉल्व की कीमत 4 हजार 200

एसआई हरिराम अंगोरिया ने बताया कि परियोजना में लगाये गये वॉल्व पीतल से बने है। एक वॉल्व की कीमत 4 हजार 200 रुपए है। वॉल्व को इजराइल की कंपनी द्वारा बनाया गया है। जो मोबाइल से ऑपरेट होते है। वॉल्व को चालू करने पर खेतों से लेकर औद्योगिक क्षेत्र में पानी की सप्लाय को शुरू हो जाती है। मोबाइल से ही सप्लाय को बंद किया जाता सकता है।

#### कई गांवों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित

नर्मदा परियोजना अधिकारी रितेश दीक्षित ने बताया कि तराना, शाजापुर, मक्सी और महिदपुर के ग्रामीण और औद्योगिक क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति के लिए 15 सौ से अधिक बॉक्स लगाए गए हैं। चोरी की वारदात के बाद कई गांवों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो गई थी। पूर्व में भी वॉल्व चोरी के मामले सामने आ चुके है। भारत में वॉल्व की उपलब्धता मुश्किल है।

---

# लाखों के मोबाइल चोरी करने वालों की महाराष्ट्र में तलाश

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। कार से शहर में आकर 2 दुकानों से लाखों के मोबाइल चोरी करने वालों की तलाश में पुलिस की टीम महाराष्ट्र पहुंची है। बदमाशों को सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार ट्रेस किया जा रहा है।

माधवनगर थाना क्षेत्र में 10-11 जुलाई की रात फ्रीगंज क्षेत्र में बदमाशों ने हाई च्वाइस और एसएस मोबाइल शॉप का शटर उचाकर लाखों के मोबाइल चोरी कर लिये थे। पुलिस जांच के दौरान सीसीटीवी कैमरों में 4 बदमाश दिखाये दिये थे, जो कार से आये थे, पुलिस ने कार को ट्रेस करने का काम शुरू किया, कार नम्बर ग्वालियर का होना सामने आया, लेकिन ग्वालियर पहुंचने पर पता चला कि बदमाशों ने नम्बर की फर्जी प्लेट लगाई थी। उक्त नम्बर कार ग्वालियर में मौजूद है, जिसका मॉडल बदमाशों



की कार से अलग है। बावजूद पुलिस बदमाशों को लगातार ट्रेस करने में लगी थी। पुलिस अधीक्षक ने बदमाशों का सुराग देने वाले को 10 हजार का इनाम देने की घोषणा भी की है। इसी बीच एक टीम महाराष्ट्र पहुंची है, जहां बदमाशों के पहुंचने की जानकारी सामने आई है। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि बदमाशों के जहां भी जाने की खबर मिल रही है, पुलिस टीम तस्दीक के लिये पहुंच रही है। बदमाशों की गिरफ्तारी के प्रयास लगातार जारी है। आज नहीं तो कल बदमाशों को पकड़ लिया जायेगा।

#### इधर बासवाड़ा तक पहुंची चोरी हुई कारें

लाखों के मोबाइल चोरी की वारदात के दूसरे दिन नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के बसंत बिहार से पटवारी की और नीलगंगा थाना क्षेत्र के सुभाषनगर से महाकाल दर्शन करने विदिशा से आये श्रद्धालु परिवार की क्रेटा कारें चोरी हो गई थी। दोनों थानों की पुलिस कार चोरी करने वालों को पता सीसीटीवी कैमरों के फुटेज से लगा रहा है। चोरी के बाद दोनों कारें इंदौर की ओर जाती दिखाई दी थी। अब जानकारी मिली कि दोनों कार बासवाड़ा में दिखाई दी है। पुलिस बदमाशों के आगे जाने वाले रास्ता का पता लगा रही है।

---

# जीजा-साले के बीच चले लात-घूंसे

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

पारिवारिक विवाद के चलते पत्नी ने पति खिलाफ कोर्ट में प्रकरण दायर कर दिया। उसी बात को लेकर जीजा-साले के बीच लात-घूंसे चल गये और चाकू खुल गया। विवाद का वीडियो पुलिस को मिला है। मामले में दोनों पक्षों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है।

सुदामा नगर में रहने वाले दुर्गेश पिता बलराम सूर्यवंशी की बहन का विवाह पंवासा क्षेत्र के ग्राम जम्बुरा में रहने वाले कमल पिता विक्रमलाल से हुआ था। पति-पत्नी के बीच पारिवारिक



विवाद होने पर दुर्गेश की बहन मायके आ गई थी और उसने कोर्ट में प्रकरण दायर कर दिया था। इसी बात पर बीती शाम कमल आने साथियों के साथ दुर्गेश के ऑफिस फ्रीगंज स्थित गुरूद्वारे पहुंचा और अपने साथियों के साथ मिलकर दुर्गेश के साथ मारपीट शुरू कर दी। दुर्गेश ने अपने साथियों को बुला लिया और जीजा कमल के साथ मारपीट कर चाकू खोल लिया। विवाद का मामला माधवनगर थाने पहुंचा, जहां पुलिस ने दोनों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। घटना का पता लगाने के लिये सीसीटीवी कैमरे देखे गये। पुलिस को एक वीडियो में मिला जिसमें विवाद के दौरान दुर्गेश के हाथ में चाकू दिखाई दिया। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि फिलहाल मामले की जांच जारी है। जिसके पूरी होने पर आगे वैधानिक कार्रवाई की जायेगी। चाकू वाला वीडियो जांच में शामिल कर लिया गया है।

---

झूटी निकली युवक की एसिड से जलाने की कहानी

# पत्नी से विवाद के बाद खुद ने डाला था गर्म पानी

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

शनिवार सुबह महाकाल थाना पहुंचा युवक बोला कि रात में उसे एसिड डालकर जला दिया है। एक महिला और कुछ युवकों ने उससे 30 हजार रुपए छीने है। पुलिस ने जांच शुरू की, कुछ देर में पूरा मामला झूठा साबित हो गया। महिला उसकी पत्नी थी, जिससे उसका विवाद चल रहा है। युवक गर्म पानी झुलसा था। जिसके मजिस्ट्रेट बयान दर्ज कराये गये है।

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि सुबह योगीपुरा में रहने वाला सतीश पिता धनीराम 32 साल थाने आया था और बोला कि उसे रात 1 बजे गौंड बस्ती में सपना, मोनू, कृष्णा, नवीन, करण और गबलू ने एसिड डालकर जला दिया और 30 हजार रुपए लेकर भाग निकले। मामला प्रथमद्दष्टता संदिग्ध होना सामने आया, रातभर में घटना के बाद युवक थाने नहीं आया था। जिसके चलते उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया और जांच शुरू की गई। पता चला कि वह फूल प्रसाद की दुकान पर काम करता है और आगरा का रहने वाला है। उसने गौंड बस्ती में रहने वाली सपना से शादी की थी, जिससे विवाद चल रहा। रात में पत्नी से विवाद होने पर गर्म पानी झुलस गया था। थाना प्रभारी के अनुसार अस्पताल में भर्ती युवक के मजिस्ट्रेट बयान तहसीलदार स्तर पर दर्ज कराये जा रहे है। एसिड डालकर जलाने और रुपए छीनने की कहानी झूठी होना सामने आई है।

---

मंगलनाथ रोड पर सांदीपनि आश्रम के सामने सड़क पर बेतरतीब पार्किंग

# श्रद्धालुओं को निकलने में हो रही परेशानी

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

महाकाल मंदिर के अलावा शहर के अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों पर भी यातायात व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है। इन दिनों मंगलनाथ रोड स्थित सांदीपनि आश्रम के सामने सड़क पर बेतरतीब ढंग से वाहन खड़े किए जाने के कारण रोजाना जाम की स्थिति बन रही है। सड़क किनारे ही नहीं, बल्कि कई बार बीच सड़क पर भी ई-रिक्शा, ऑटो, मैजिक और अन्य वाहन खड़े रहने से आवागमन बाधित हो रहा है।

मंगलनाथ रोड शहर का प्रमुख धार्मिक मार्ग है। इसी मार्ग पर मंगलनाथ मंदिर, सांदीपनि



आश्रम, सिद्धवट और अंगारेश्वर महादेव मंदिर जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल स्थित हैं, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ-साथ बाहर से आने वाले दर्शनार्थी भी पहुंचते हैं। ऐसे में सड़क पर अव्यवस्थित पार्किंग और सार्वजनिक परिवहन वाहनों के खड़े रहने से यातायात प्रभावित हो रहा है।

**पार्किंग व्यवस्था के अभाव से बढ़ रही समस्या-** सांदीपनि आश्रम के सामने वाहनों के लिए कोई व्यवस्थित पार्किंग नहीं होने के कारण लोग सड़क पर ही वाहन खड़े कर देते हैं। इसके अलावा ई-रिक्शा, ऑटो और मैजिक भी सवारियों के इंतजार में सड़क घेरकर खड़े रहते हैं। इससे अन्य वाहनों को निकलने के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिलती और कई बार लंबा जाम लग जाता है।

सांदीपनि आश्रम के बाहर नियमित यातायात प्रबंधन और पार्किंग व्यवस्था के अभाव के कारण स्थिति लगातार बिगड़ रही है। यदि यहां निर्धारित पार्किंग स्थल विकसित किया जाए और सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहनों पर प्रभावी कार्रवाई की जाए, तो यातायात व्यवस्था में काफी सुधार हो सकता है। मंगलनाथ मार्ग पर पूरे दिन वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। धार्मिक स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को सांदीपनि आश्रम के सामने जाम और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण वाहन निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है।

---

16 जून को लापता हुई नाबालिग, परिजनों ने तलाश शुरू की, रात में नागझिरी थाने से कुछ दूरी पर मिली

# काम दिलाने के बहाने नाबालिग से अनैतिक कृत्य करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

काम दिलाने के बहाने नाबालिग के साथ अनैतिक कृत्य करने वाले आरोपी को चंद घंटों में गिरफ्तार कर लिया गया। नाबालिग के लापता होने पर परिजनों ने तलाश शुरू की थी, आरोपी नाबालिग को छोड़कर भाग निकला था। जिसे शनिवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

नागझिरी थाना एसआई पूजा सोलंकी ने बताया कि रतलाम की रहने वाली नाबालिग थाना क्षेत्र में चौकीदारी करने वाले मामा के यहां रह रही थी। 16 जून को नाबालिग लापता हो गई। परिजनों ने उसके नहीं मिलने पर तलाश शुरू की, रात में नाबालिग नागझिरी थाने से कुछ दूरी पर परिजनों को मिल गई। परिजनों ने पूछताछ की तो उसने बताया कि सामने वाली बिल्डिंग में काम करने वाला कान्हा पिता जगदीश परमार उसे काम दिलाने के बहाने साथ ले गया था और काफी देर तक घूमने के बाद नक्षत्र गार्डन स्थित गार्ड रूम में ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती गलत काम किया। परिजनों ने 17 जुलाई को थाने आकर शिकायत दर्ज कराई। नाबालिग के बयान दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की गई और चंद घंटो में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी कान्हा ग्राम कढ़ाई थाना महिदपुर का रहने वाला है। जिसके खिलाफ पास्को एक्ट में प्रकरण दर्ज कर शनिवार को कोर्ट में पेश किया गया।



#### छत्तीसगढ़ कोरबा में मिली बालिका

नाबालिग के लापता होने और 12 सौ किलोमीटर दूर मिलने का एक मामला भाटपचलाना थाना क्षेत्र से सामने आया। थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि 11 जुलाई को कस्बे में रहनी वाली 16 वर्षीय बालिका के लापता होने की शिकायत परिजनों ने दर्ज कराई थी। पुलिस ने तलाश शुरू की तो पता चला गांव में बोरिंग मशीन पर काम करने वाला युवक उसे लेकर गया है। दोनों की तलाश करने पर उनके 12 सौ किलोमीटर दूर छत्तीसगढ़ कोरबा में होने की खबर मिलते ही पुलिस टीम रवाना की गई। कोरबा के जंगलों से बालिका को 7 दिनों में दस्तयाब कर लाया गया है। उसे शादी का झांसा देकर ले जाने वाले आरोपी रविशंकर पिता जगतपाल सिंह को गिरफ्तार किया गया। जिसके खिलाफ अपहरण की धारा में प्रकरण दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com